संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं।



15 अप्रैल : गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व और फ्रांस के ऐतिहासिक कानून से जुड़ा दिन

पूर्णिया, बुधवार 15 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डेली डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 03 , अंक 02

# बिहार में ऐतिहासिक सियासी बदलाव : नीतीश कुमार का इस्तीफ़ा, सम्राट चौधरी एनडीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार,आज शपथ की तैयारी

## पटना में सत्ता परिवर्तन का औपचारिक आगाज़, कैबिनेट भंग के साथ नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज

### कैबिनेट की अंतिम बैठकः भावुक माहौल में लिया गया बड़ा फैसला

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई अंतिम कैबिनेट बैठक लगभग 20 मिनट चली, जिसमें मौजूदा सरकार को भंग करने की अनुशंसा को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक के दौरान माहौल काफी भावुक रहा। नीतीश कुमार ने मंत्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक नया राजनीतिक चरण है और उन्होंने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



कई मंत्रियों ने इस क्षण को “एक युग के अंत” के रूप में बताया।बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अपना इस्तीफ़ा सौंप दिया, जिसके साथ ही राज्य में मौजूदा सरकार का औपचारिक अंत हो गया।

---------

**न्यूज स्केल पटना,**

बिहार की राजनीति में मंगलवार को बड़ा ऐतिहासिक मोड़ आ गया, जब लंबे समय से मुख्यमंत्री पद पर आसीन नीतीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। इसके साथ ही राज्य में सत्ता परिवर्तन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है और नई सरकार गठन की दिशा साफ हो गई है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल की अहम बैठक में बड़ा फैसला लेते हुए सम्राट चौधरी को एनडीए का नया नेता और मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुना गया है। वे 15 अप्रैल को लोकभवन में आयोजित होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह में बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।

**भाजपा विधायक दल की बैठक में बड़ा फैसला, सम्राट चौधरी बने नेता:** पटना में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक केंद्रीय पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह फैसला संगठनात्मक मजबूती, जातीय संतुलन और आगामी राजनीतिक रणनीति को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बैठक के बाद यह लगभग तय हो गया कि सम्राट चौधरी ही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

**सख्त प्रशासनिक छवि और कानून-व्यवस्था पर फोकस**

गृह मंत्री के रूप में सम्राट चौधरी ने अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त नीति अपनाई। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया था— “या तो अपराध छोड़ो या बिहार छोड़ो।” उनकी पहल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए ‘पिंक पुलिसिंग’ और ‘अभय ब्रिगेड’ जैसी योजनाएं भी शुरू की गईं। पुलिस रिस्पॉन्स सिस्टम को भी अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

**जातीय समीकरण और राजनीतिक रणनीति:** सम्राट चौधरी कुशवाहा (कोइरी) समाज से आते हैं, जिसकी बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेषज्ञों के अनुसार, भाजपा ने उन्हें आगे कर पिछड़े वर्गों में मजबूत राजनीतिक पकड़ बनाने और नीतीश कुमार के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति अपनाई है।

**नीतीश युग का अंत: बिहार में नए राजनीतिक दौर की शुरुआत:** करीब दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार के इस्तीफ़े के साथ एक लंबे राजनीतिक युग का अंत माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह बदलाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा और समीकरणों में बड़े बदलाव का संकेत है। अब राज्य एक नए नेतृत्व और नई प्राथमिकताओं की ओर बढ़ रहा है।

**नीतीश कुमार का भावुक संदेश:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस्तीफ़ा देते समय कैबिनेट बैठक में भावुक होकर कहा कि अब राज्य में नए राजनीतिक चरण की शुरुआत हो रही है। उन्होंने सभी मंत्रियों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए बिहार के विकास में उनके योगदान की सराहना की। नीतीश कुमार ने मंत्रियों से विकास कार्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे आगे भी राज्य के हालात पर नजर बनाए रखेंगे। इस दौरान बैठक का माहौल काफी भावुक रहा।

**सम्राट चौधरी: संगठन से सत्ता तक का सफर**

सम्राट चौधरी का राजनीतिक सफर संघर्ष, संगठन और सत्ता—तीनों चरणों से होकर गुज़रा है।

- जन्मः 16 नवंबर 1968, मुंगेर जिला
- पिताः शकुनी चौधरी, वरिष्ठ राजनीतिक नेता
- प्रारंभिक राजनीतिः 1990 के दशक में सक्रिय भूमिका
- 1999: राबड़ी देवी सरकार में कृषि मंत्री
- 2018: भारतीय जनता पार्टी में शामिल
- 2023: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बने इसके बाद उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री की जिम्मेदारी निभाई

गृह मंत्री रहते हुए उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया और अपराध नियंत्रण के लिए कई कठोर फैसले लिए।

## बंगाल में घुसपैठ, भ्रष्टाचार और भय का माहौल गंभीर चिंता का विषय : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली** (हि.स.)

- **प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर जनता को जागरूक करने और अपराधों की जानकारी जुटाने को कहा।**

------------------



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो ऐप के जरिए पश्चिम बंगाल के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि वहां अपराध और राजनीतिक हिंसा बढ़ रही है, जिससे आम जनता, विशेषकर महिलाएं और युवा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**बूथ स्तर पर संगठन पर जोर**

मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे बूथ स्तर पर जाकर लोगों से संवाद करें, अपराधों की जानकारी जुटाएं और जनता को सच्चाई बताएं। उन्होंने महिलाओं और युवाओं के साथ अलग-अलग बैठकें करने और पार्टी के घोषणापत्र को सरल भाषा में समझाने पर बल दिया।

**विकास और राजनीतिक स्थिति:** प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निवेश और व्यापार प्रभावित हुआ है। उन्होंने केंद्र की योजनाओं के लागू न होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में भय और अस्थिरता का माहौल है, जिससे विकास बाधित हो रहा है।

**भ्रष्टाचार और घुसपैठ का मुद्दा:** प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य में “कट-मनी” संस्कृति और भ्रष्टाचार गहराया है। उन्होंने घुसपैठ को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि इससे जनसांख्यिकीय बदलाव का खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने मतुआ और नामशूद्र समाज का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ वर्गों को डराया जा रहा है, जबकि संविधान उन्हें सुरक्षा देता है।

## रक्षा क्षेत्र की नई चुनौतियों को परास्त करने की दक्षता हासिल करें- राष्ट्रपति

**गांधीनगर** (हि.स.) गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने युवाओं से नई सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की दक्षता विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट और फिशिंग जैसे खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे निपटने के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञों की आवश्यकता है।




**बदलता सुरक्षा परिदृश्य**

राष्ट्रपति ने कहा कि आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा का स्वरूप और जटिल होगा। इसमें साइबर सुरक्षा, डेटा सुरक्षा, तटीय सुरक्षा और भू-राजनीति जैसी चुनौतियाँ शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के साथ कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी।

**आत्मनिर्भर रक्षा व्यवस्था पर जोर:** राष्ट्रपति ने कहा कि देश की सुरक्षा केवल बलों की वीरता पर नहीं बल्कि तकनीक, उत्पादन और प्रशिक्षण पर भी निर्भर है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी रक्षा क्षमता बढ़ाने के प्रयासों पर संतोष जताया और विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए तैयार रहने को कहा।

### इटली ने इजराइल के साथ रक्षा समझौते का ऑटो रिन्यू रोका, बढ़ते तनाव के बीच बड़ा फैसला

**रोम,** (हि.स.)। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इजराइल के साथ वर्ष 2003 में हुए रक्षा सहयोग समझौते के ऑटोमैटिक रिन्यूअल को रोकने का निर्णय लिया है। यह फैसला लेबनान में जारी संघर्ष और इजराइली सैन्य कार्रवाई पर बढ़ती अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बीच लिया गया है।

वेरोना में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने समझौते के स्वतः नवीनीकरण को स्थगित किया है। यह समझौता सैन्य उपकरण, तकनीक और रक्षा सहयोग से जुड़ा है, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी के कार्यकाल में हस्ताक्षरित किया गया था और 2006 से लागू है।

हर पांच वर्ष में इसके स्वतः नवीनीकरण का प्रावधान था, जिसे अब रोक दिया गया है। इजराइल ने कहा है कि इस कदम का उसकी सुरक्षा पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय इटली की विदेश नीति में बदलाव का संकेत है और आने वाले समय में यूरोपीय कूटनीति पर इसका असर देखा जा सकता है।

### होर्मुज की सुरक्षा पर कतर सख्त, फ्रांस-ब्रिटेन की आपात बैठक से समाधान की कोशिश

**दोहा/पेरिस/लंदन,** (हि.स.)। होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर कतर ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि इस रणनीतिक समुद्री मार्ग पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। कतर के प्रवक्ता माजिद-अल-अंसारी ने कहा कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए सभी देशों के साथ लगातार संवाद जारी है। इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने होर्मुज संकट पर आपात ऑनलाइन बैठक की पहल की है। बैठक में तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने पर चर्चा होगी। फ्रांस और ब्रिटेन संयुक्त सुरक्षा योजना पर भी विचार कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में तनाव कम किया जा सके और समुद्री मार्ग खुला रहे।



## बंगाल में बुलडोजर नहीं चलते, यहां के लोग प्रणाम करते हैं : ममता

**पश्चिम मेदिनीपुर,** (हि.स.)।, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ‘बुलडोजर राजनीति’ वाले बयान पर कड़ा पलटवार किया है। पिंगला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल में “बुलडोजर राजनीति” की जगह सम्मान और संस्कृति है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल के लोग “प्रणाम” और “जय हिंद” की परंपरा निभाते हैं।



ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाली लोगों के साथ भेदभाव होता है और उन्हें बंगाली भाषा बोलने पर भी प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में बंगालियों को “घुसपैठिया” कहकर अपमानित किया जाता है, जो गलत है। गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक रैली में कहा था कि उनका बुलडोजर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का प्रतीक है और अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनी तो यहां भी “डबल इंजन” सरकार कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करेगी। पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव दो चरणों में होने हैं।

## टीएमसी ने बंगाल में खत्म किया उद्योग और रोजगार : राहुल गांधी




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मालदा में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में “गुंडाराज” चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके शासन में उद्योग और व्यापार कमजोर हुआ है तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार घटे हैं।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनावी वादों के बावजूद हजारों युवा नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा देश में नफरत और विभाजन की राजनीति को बढ़ावा दे रही है, जबकि कांग्रेस का लक्ष्य देश में एकता और भाईचारा स्थापित करना है।उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही भाजपा का प्रभावी विकल्प बन सकती है। साथ ही उन्होंने एसआईआर के नाम पर वोट चोरी के आरोप भी लगाए। राहुल गांधी ने सत्ता में आने पर स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और महिलाओं के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने का वादा किया।

## सीबीआई ने 8 राज्यों में 77 ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के बीच कथित गठजोड़ से जुड़े मामलों में देशभर में बड़ी कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आधार पर सीबीआई ने 22 नए मामले दर्ज किए और मंगलवार को 8 राज्यों में फैले 77 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की।

सीबीआई ने बताया कि मंगलावार को की गई तलाशी के दौरान सीबीआई ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री जब्त किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। ये मामले उन आरोपों से जुड़े हैं जिनमें कुछ बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों पर निर्दोष गृह खरीदारों को धोखा देने और ठगने का आरोप है।

जांच एजेंसी के अनुसार यह कार्रवाई कथित फंड डायवर्जन, वित्तीय अनियमितताओं और रियल एस्टेट सेक्टर में धोखाधड़ी की बड़ी साजिश को उजागर करने के लिए की गई है। इससे पहले सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में 28 मामले दर्ज किए थे, जो अंतिम चरण में हैं। अब तक कुल 50 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी समेत आठ राज्यों में कई ठिकानों पर की गयी।

# बिहार में राजग का 'सम्राट युग' शुरू



## बिहार में सत्ता का नया युग, सम्राट मॉडल पर भाजपा की निर्णायक चाल

**पटना,** (हि.स.) बिहार की सियासत में एक ऐतिहासिक मोड़ आया है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी के हाथ में बिहार की सत्ता होगी और सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री होंगे। यह बदलाव सिर्फ चेहरे का नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन और रणनीति के बड़े परिवर्तन का संकेत माना जा रहा है।

बिहार की राजनीति में यह बदलाव एक नए अध्याय की शुरुआत जरूर है, लेकिन यह अध्याय कितना सफल होता है,यह आने वाले समय में सम्राट चौधरी की नेतृत्व क्षमता और भाजपा की रणनीतिक मजबूती पर निर्भर करेगा। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना सिर्फ एक राजनीतिक नियुक्ति नहीं,बल्कि बिहार में सत्ता के नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। अब सवाल है कि क्या भाजपा इस बदलाव को स्थायी राजनीतिक बढ़त में बदल पाएगी या यह प्रयोग भी बिहार की जटिल सियासत में एक नया मोड़ बनकर रह जाएगा?

**ओबीसी कार्ड से संगठन शक्ति तक:** वरिष्ठ पत्रकार सियाराम पाण्डेय की मानें तो बिहार में सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाना महज एक राजनीतिक नियुक्ति नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। पार्टी ने इस फैसले के जरिए सामाजिक समीकरण, संगठनात्मक ताकत और आक्रामक राजनीति तीनों को साधने की कोशिश की है।

सम्राट चौधरी का चयन यूं ही नहीं हुआ। इसके पीछे तीन बड़े फैक्टर ओबीसी समीकरण, संगठन पर पकड़ और आक्रामक राजनीति काम कर रहे हैं। सम्राट चौधरी का सामाजिक आधार भाजपा को बिहार में पिछड़े वर्गों के बीच नई मजबूती दे सकता है। लंबे समय से पार्टी में सक्रिय रहने के कारण उनकी जमीनी पकड़ मजबूत मानी जाती है,जिससे कार्यकर्ताओं में बेहतर समन्वय की उम्मीद है। विपक्ष पर सीधा और तीखा हमला उनकी पहचान रहा है,जिससे भाजपा अपने कोर वोटर को और सक्रिय रखना चाहती है। यह वही फॉर्मूला है जो भाजपा ने कई राज्यों में अपनाया है।

**लंबी रणनीति का खेल, भाजपा का सम्राट प्लान:** राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार मिश्र का मानना है कि यह फैसला सिर्फ वर्तमान के लिए नहीं,बल्कि आने वाले चुनावों को ध्यान में रखकर लिया गया है। भारतीय जनता पार्टी अब राज्य में अपनी स्वतंत्र पहचान और नेतृत्व के दम पर सत्ता हासिल करने की दिशा में स्पष्ट रूप से आगे बढ़ रही है। यह कदम पार्टी की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इसके तहत भाजपा अब अपने चेहरे पर चुनाव लड़ने की स्थिति में आना चाहती है। सम्राट चौधरी को दीर्घकालिक निवेश के रूप में तैयार किया जा रहा है। पार्टी बिहार में पूर्ण बहुमत हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है। इस बदलाव को संकेत के तौर पर देखा जा रहा है कि भाजपा अब गठबंधन की राजनीति से आगे बढ़कर बिहार में अपने दम पर मजबूत राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश में है।

### नीतीश के बाद नई बिसात, भाजपा का नया पावर बैलेंस

लंबे समय तक बिहार की राजनीति का केंद्र रहे नीतीश कुमार अब सत्ता के केंद्र में नहीं हैं। वहीं, भाजपा एक नया पावर बैलेंस बना रही है। भारतीय जनता पार्टी एक नया राजनीतिक संतुलन गढ़ रही है,जिसमें नेतृत्व बदलकर भी गठबंधन की संरचना को बनाए रखा जाए। राजनीतिक विश्लेषक अरुण पांडेय का मानना है कि भाजपा एक ओर अपने नेतृत्व को स्थापित कर रही है, तो दूसरी ओर पुराने सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह तोड़ने के बजाय उन्हें नए ढंग से संतुलित करने की रणनीति पर भी काम कर रही है। ऐसे में यह बदलाव



सिर्फ नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति के नए समीकरणों की शुरुआत भी हो सकता है।

----------------

### यह पद नहीं, बिहार की सेवा का पवित्र अवसर : सम्राट चौधरी

बिहार में नई राजनीतिक परिस्थितियों के बीच भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने इस जिम्मेदारी को केवल एक पद नहीं, बल्कि बिहार की सेवा का "पवित्र अवसर" बताया। सम्राट चौधरी ने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बिहार को विकास और सुशासन के नए आयामों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही पार्टी नेतृत्व का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व जनता के विश्वास और आकांक्षाओं को पूरा करने का अवसर है, जिसे वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं के समर्थन को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए अंत में "जय बिहार, जय भारत" के नारे के साथ संदेश समाप्त किया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह बयान सरकार गठन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भूमिका का संकेत देता है।

### चुनौतियां भी कम नहीं, पहली ही पारी में अग्निपरीक्षा

इस बड़े राजनीतिक दांव के साथ चुनौतियां भी कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सम्राट चौधरी के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर उनसे अपेक्षाएं भी कहीं ज्यादा हैं। ऐसे में उनकी अग्निपरीक्षा तुरंत शुरू मानी जा रही है। मुख्यमंत्री बनने के साथ ही उन्हें कई मोर्चों पर खुद को साबित करना होगा। प्रशासनिक अनुभव को साबित करना,गठबंधन समीकरण संभालना,विकास बनाम जातीय राजनीति का संतुलन, कानून-व्यवस्था और रोजगार जैसे मुद्दों पर ठोस परिणाम देना उनकी सबसे बड़ी परीक्षा होगी। ऐसे में सम्राट चौधरी के लिए यह सिर्फ पद संभालने का मौका नहीं,बल्कि खुद को एक प्रभावी और परिणाम देने वाले नेता के रूप में स्थापित करने की बड़ी परीक्षा भी है।------

---------

# नीतीश कुमार के इस्तीफे पर ललन सिंह की भावुक प्रतिक्रिया, कहा-बिहार के विकास युग का हुआ समापन

**पटना,** (हि.स.) जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे को लेकर भावुक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे बिहार की विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक अध्याय का समापन बताया।



इस्तीफे पर भावुक प्रतिक्रिया ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार का इस्तीफा केवल एक पद का त्याग नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या, समर्पण और जनसेवा के एक युग का विराम है। उन्होंने कहा कि यह क्षण उन सभी लोगों के लिए भावनात्मक है जिन्होंने बिहार के परिवर्तन को करीब से देखा है।

**विकास यात्रा का समापन** उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को नई दिशा देने का काम किया। उनके नेतृत्व में राज्य ने विकास की एक लंबी यात्रा तय की, जिसे आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर विश्राम मिलता हुआ प्रतीत हो रहा है।

**सुशासन और न्याय के साथ विकास:** ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने 'न्याय के साथ विकास' के मूल मंत्र को अपनाते हुए सुशासन की मिसाल पेश की। उन्होंने कानून के राज को मजबूत किया और समाज के हर वर्ग में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना विकसित की।

### भविष्य के लिए प्रेरणा

उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार का योगदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उनका नेतृत्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा और बिहार के विकास मॉडल को हमेशा याद किया जाएगा।

# पटना हाईकोर्ट के समीप राजकीय समारोह में अंबेडकर जयंती मनाई गई

**पटना,** (हि.स.) भारत रत्न बाबा साहब डॉ॰ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर पटना हाईकोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व॰ डॉ॰ भीमराव अंबेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माण में बाबा साहब के अतुलनीय योगदान को स्मरण किया।



**संविधान निर्माता के रूप में योगदान का स्मरण:** मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ॰ भीमराव अंबेडकर जी ने देश को एक सशक्त, समतामूलक और लोकतांत्रिक संविधान दिया। उनके विचार आज भी समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है।

**अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति:** इस अवसर पर कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**सामाजिक न्याय के संदेश पर जोर** :कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

# पटना स्टेट हैंगर में भाजपा नेताओं का भव्य स्वागत, शीर्ष नेतृत्व का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

**पटना,** (हि.स.) पटना स्थित स्टेट हैंगर में आज एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और औपचारिक कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कई शीर्ष नेताओं का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतीन नवीन, माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह बिहार प्रभारी श्री विनोद तावड़े का पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया।



स्टेट हैंगर परिसर में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं में विशेष उत्साह देखा गया। नेताओं के आगमन पर समर्थकों ने "जय श्री राम" और "भारत माता की जय" के नारों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि इन शीर्ष नेताओं का बिहार आगमन संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि आगामी राजनीतिक रणनीतियों को भी मजबूती मिलेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर किसानों के हितों और कृषि क्षेत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा करने की संभावना जताई। वहीं, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने और सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नवीन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और समर्पण के साथ काम करने की अपील की। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां सभी नेताओं ने एकजुट होकर बिहार में संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## सम्राट चौधरी के सीएम बनने पर तेजस्वी यादव का बयान, राजनीतिक हलचल तेज



**पटना,** (हि.स.)बिहार की राजनीति में उस समय नया विवाद और चर्चा का माहौल बन गया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने विधायक दल का नेता चुनते हुए सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस निर्णय के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया, जिसमें सबसे तीखी प्रतिक्रिया नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सामने आई।

तेजस्वी यादव ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज जो मुख्यमंत्री बन रहे हैं, वे "लालू की पाठशाला" से ही निकले हुए नेता हैं। उन्होंने यह भी तंज कसा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब कहीं न कहीं उसी राजनीतिक शैली और विचारधारा की ओर बढ़ती दिख रही है, जिसे पहले वे आलोचना करते रहे हैं। तेजस्वी के इस बयान को सीधे तौर पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक विरासत से जोड़कर देखा जा रहा है।

उनके इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। विपक्ष जहां इसे भाजपा पर वैचारिक हमला बता रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे राजनीतिक बयानबाजी करार दे रहा है। सम्राट चौधरी के नाम की घोषणा के बाद भाजपा खेमे में उत्साह का माहौल है और संगठन इसे आगामी राजनीतिक रणनीति के रूप में देख रहा है।

वहीं, यह बयानबाजी बिहार की राजनीति में नए समीकरणों और आरोप-प्रत्यारोप के दौर की शुरुआत के संकेत दे रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा और अधिक गरमाने की संभावना है।

## सीएम नीतीश ने बाबा साहेब के आदर्शों पर आधारित नीतियों के माध्यम से उनके सपनों को साकार किया : उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना,** (हि.स.) जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय, पटना में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस मौके पर कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में सुशासन के माध्यम से बाबा साहेब की विचारधारा और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं, जिनसे वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।उन्होंने बताया कि महादलित विकास मिशन के तहत शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। साथ ही एससी-एसटी कल्याण विभाग और आयोग का गठन कर इनके विकास को मजबूत आधार दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों की स्थापना से बच्चों को लाभ मिल रहा है।

## रोहिणी आचार्य का बीजेपी पर तीखा हमला : 'बिहार बीजेपी की बंजर बगिया', नेतृत्व को लेकर उठाए सवाल

**पटना,** (हि.स.) राष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर बिहार में सत्ता और नेतृत्व को लेकर सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई है। इसी क्रम में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने बिहार में नए नेतृत्व चयन को लेकर टिप्पणी करते हुए भाजपा की संगठनात्मक स्थिति पर सवाल उठाए और इसे "बिहार बीजेपी की बंजर बगिया" तक कह डाला। दरअसल, एनडीए की ओर से सम्राट चौधरी को बिहार विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद राजनीतिक बयानबाज़ी तेज हो गई है। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवराज सिंह चौहान के पर्यवेक्षक के रूप में भूमिका निभाने और निर्णय की घोषणा के बाद विपक्ष ने सरकार गठन की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी इस निर्णय पर तंज कसते हुए भाजपा की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए। इसके बाद रोहिणी आचार्य ने कहा कि 46 वर्षों की राजनीतिक यात्रा के बावजूद भाजपा बिहार में मजबूत और व्यापक जनाधार वाला नेतृत्व विकसित करने में असफल रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा न तो अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में रही है और न ही स्पष्ट मुख्यमंत्री चेहरा जनता के सामने रख सकी है। इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज हो गया है।



# डीएम की समीक्षा बैठक : गर्मी की दस्तक के साथ सतर्क प्रशासन : अग्निकांड से निपटने को पूर्णिया तैयार

## जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गर्मी के मौसम में छोटी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है:

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-------------------

जिले में बढ़ती गर्मी और संभावित अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में सोमवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने अग्निकांड से बचाव और आपदा प्रबंधन की तैयारियों का व्यापक आकलन किया।

**सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन ही ऐसी घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है : डीएम**

बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले दिनों में मौसम के बदलाव के साथ बढ़ने वाले आगजनी के खतरे को कम करना और त्वरित राहत व्यवस्था सुनिश्चित करना था।



जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गर्मी के मौसम में छोटी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने पिछले वर्षों की घटनाओं, विशेषकर खुश्कीबाग फल मंडी में लगी आग, से सबक लेते हुए अधिकारियों को अधिक सतर्क और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन ही ऐसी घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है।

**जिले में पर्याप्त बल और संसाधन उपलब्ध हैं। डायल 101 सेवा पूरी तरह सक्रिय है**

बैठक में अग्निशमन विभाग की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में पर्याप्त बल और संसाधन उपलब्ध हैं। डायल 101 सेवा पूरी तरह सक्रिय है और यह सभी प्रमुख नेटवर्क से जुड़ी हुई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित संपर्क संभव है। साथ ही अस्पतालों, स्कूलों, पेट्रोल पंपों, बैंकों और होटलों में अग्नि सुरक्षा अंकेक्षण को प्राथमिकता दी गई है।

**शहरी क्षेत्र की तंग गलियों का मानचित्र करने का निर्देश**

शहरी क्षेत्रों की तंग गलियों को ध्यान में रखते हुए उनका मानचित्र तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि दमकल वाहनों को समय पर पहुँचने में कोई बाधा न हो। बड़े प्रतिष्ठानों में फायर एक्सटिंग्विशर और फायर एग्जिट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए गए हैं।

**पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष रणनीति**

ग्रामीण क्षेत्रों में फसल कटाई के बाद पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष रणनीति बनाई जा रही है। खेतों तक पहुँचने वाले रास्तों का चिन्हिकरण कर अग्निशमन टीमों की पहुँच आसान बनाने पर जोर दिया गया।

**आम जनता से प्रशासन की अपील**

प्रशासन ने आम जनता से भी सतर्क रहने की अपील की है। रसोई में सावधानी बरतने, गैस चूल्हा पूरी तरह बंद करने, बिजली की वायरिंग की नियमित जांच कराने और आपात स्थिति में तुरंत 101 या 112 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**अग्निकांड के पीड़ित को 24 घंटे के भीतर सहायता का निर्देश**

जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी अग्निकांड के पीड़ित को 24 घंटे के भीतर नकद सहायता, पॉलिथीन शीट्स और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जाए। बैठक के अंत में सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और संसाधनों को हर समय तैयार रखने का निर्देश दिया गया।

स्पष्ट है कि मौसम के बदलते मिजाज के बीच प्रशासन की यह सक्रियता संभावित खतरों को कम करने की दिशा में एक मजबूत पहल है, जिससे जिलेवासियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

---

## सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर पल्लवी गुप्ता ने बधाई और शुभकानाए दी



**न्यूज स्केल, पूर्णिया :**

-------------------

> उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने कहा— उनके नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा,

बिहार विधानसभा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाइयों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पूर्णिया नगर निगम की उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

अपने बधाई संदेश में पल्लवी गुप्ता ने कहा कि सम्राट चौधरी का राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बिहार के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विधायक दल मजबूती के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा और राज्य के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सम्राट चौधरी के समर्पण, संघर्ष और कार्यकुशलता का प्रमाण है। उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा बिहार में सुशासन और विकास की गति तेज होगी। उपमहापौर ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि वे प्रदेशहित में निरंतर कार्य करते हुए बिहार को प्रगति के पथ पर अग्रसर करें।

---

## सम्राट चौधरी के विधायक दल के नेता चुने जाने पर सदर विधायक विजय खेमका ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-------------------

- विधायक खेमका ने कहा एनडीए के मजबूत नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को करेगा हासिल

---------------



पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका ने बिहार में एनडीए विधायक दल के नेता के रूप में सम्राट चौधरी के सर्वसम्मति से चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विधायक विजय खेमका ने अपने बयान में कहा कि सम्राट चौधरी का सर्वसम्मति से नेता चुना जाना एनडीए की एकजुटता और मजबूत नेतृत्व का परिचायक है। उन्होंने बताया कि नेता पद के लिए नीतीश कुमार द्वारा सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे एनडीए विधायक दल के सभी सदस्यों ने एकमत से समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव एवं मार्गदर्शन में सम्राट चौधरी का नेतृत्व बिहार को प्रगति और विकास की नई दिशा देगा।

खेमका ने विश्वास जताया कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में राज्य में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा सभी वर्गों के सहयोग से बिहार निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

---

## बिहार के नए मुख्यमंत्री बनने पर सम्राट चौधरी को बधाई, डॉ. संजीव कुमार ने जताई खुशी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-------------------



बिहार की राजनीति में नए अध्याय की शुरुआत के साथ सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खबर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डॉ. संजीव कुमार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. संजीव कुमार ने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व और अनुभव से राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से प्रगति होगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार को एक विकसित राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे और राज्य के समग्र विकास को प्राथमिकता देंगे।

अंत में डॉ. संजीव कुमार ने पुनः बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की और कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

---

## सम्राट चौधरी के सीएम बनने से शुरू होगा विकास का नया अध्याय : डॉ. एके गुप्ता

**न्यूज स्केल, पूर्णिया :**

-------------------

> डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि यह बिहार भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व का क्षण है। कहा कि 'सम्राट चौधरी एक कर्मठ और दूरदर्शी नेता हैं।



बिहार की राजनीति में आए ऐतिहासिक मोड़ और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में चुने जाने पर सीमांचल के सभी जिलों में भी व्यापक उत्साह की लहर है। उक्त बातें प्रख्यात सर्जन सह भाजपा नेता डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कही उन्होंने इस गौरवशाली उपलब्धि पर भाजपा नेता और प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**बिहार में विकास का नया अध्याय शुरू होगा : डॉ. अनिल**

-------------------------

सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि यह बिहार भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि "सम्राट चौधरी जी एक कर्मठ और दूरदर्शी नेता हैं। विजय सिन्हा जी द्वारा उनके नाम का प्रस्ताव रखना पार्टी की एकजुटता को दर्शाता है। उनके मुख्यमंत्री बनने से बिहार में विकास की गति तेज होगी और अंत्योदय का सपना साकार होगा।"

**पूर्णिया और सीमांचल को मिलेगी नई ताकत**

डॉ. अनिल गुप्ता ने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सीमांचल और पूर्णिया जैसे उभरते हुए जिलों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। चाहे वह पूर्णिया एयरपोर्ट का मामला हो या स्थानीय बुनियादी ढांचे का विकास, नई सरकार की प्राथमिकताओं में ये मुद्दे शीर्ष पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के पास संगठन और सरकार दोनों का लंबा अनुभव है, जिसका सीधा लाभ बिहार की जनता को मिलेगा।

---

## राजेश यादव ने राहुल गांधी का किया स्वागत, संविधान की प्रति भेंट कर जताया सम्मान

**न्यूज स्केल, पूर्णिया :**

-------------------



पूर्णिया एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम में सांसद पप्पू यादव के प्रवक्ता राजेश यादव केंद्र में रहे, जिन्होंने राहुल गांधी का अभिनंदन करते हुए उन्हें संविधान की प्रति भेंट की। यह पहल डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर की गई, जो सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रही।

राजेश यादव ने कहा कि राहुल गांधी देश में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इसे कांग्रेस की विचारधारा का मूल आधार बताते हुए कार्यकर्ताओं से इसी दिशा में काम करने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष अफरोज आलम ने भी राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका पूर्णिया आगमन संगठन के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के सिलसिले में यहां पहुंचे थे।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए और आगामी चुनावों में मजबूती का संकल्प लिया।स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सांसद प्रवक्ता राजेश यादव, सांसद नगर प्रतिनिधि वैश खान, संजय सिंह, इस्राइल आजाद, विजेंद्र यादव, सुडु.यादव, इरफान आलम, युवा अध्यक्ष मो. सद्दाम, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अली खान, हरिष चौधरी, मंटू यादव तथा मो. अलीमुद्दीन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## चाची हीरा देवी का निधन, एक अपूरणीय क्षति : पल्लवी गुप्ता



**न्यूज स्केल, पूर्णिया :**

-------------------

मधुबनी बाजार से जुड़े प्रसिद्ध ज्वेलरी व्यवसायी एवं समाजसेवी संघ के सक्रिय कार्यकर्ता श्री शिवनाथ साह की धर्मपत्नी तथा उपमहापौर पल्लवी गुप्ता की पूज्य चाची सासू माता हीरा देवी के निधन से पूरे परिवार और समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय हीरा देवी एक अत्यंत धार्मिक, सरल और करुणामयी व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका जीवन समाज सेवा, पारिवारिक समर्पण और उच्च नैतिक मूल्यों का आदर्श उदाहरण रहा। उन्होंने कहा कि उनके निधन से परिवार के साथ-साथ समाज ने भी एक प्रेरणादायक महिला को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें। इस अवसर पर समाजसेवी अरविंद कुमार उर्फ भोला साह ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय हीरा देवी हमेशा मां के समान स्नेह और मार्गदर्शन देती थीं। हीरा देवी अपने पीछे तीन व्यवसायी पुत्रों और दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व वार्ड पार्षद विश्वनाथ साह, प्रहलाद कुमार, विनय साह सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

---

## किसान न्याय सत्याग्रह के दूसरे दिन भी जारी रहा धरना, कृषि नीतियों के खिलाफ गरजे कांग्रेस नेता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-------------------

कृषि उत्पादन बाजार समिति, गुलाबबाग गेट पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित सात दिवसीय किसान न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो. सदाम ने की, जबकि मंच संचालन जिला अध्यक्ष अफरोज आलम ने किया। धरना में कांग्रेस के नेता डॉ. शकील अहमद खान समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए और



केंद्र सरकार की कृषि नीतियों पर तीखा प्रहार किया। बड़ी संख्या में जुटे किसानों, युवाओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद पप्पू यादव ने प्रस्तावित अमेरिका-भारत कृषि व्यापार समझौते को किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग की।

अपने संबोधन में डॉ. शकील अहमद खान ने दो प्रमुख मांगें रखीं—कथित किसान विरोधी यूएस ट्रेड डील को रद्द किया जाए और न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दी जाए। गुलाबबाग मंडी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह मंडी कभी एशिया की प्रमुख मंडियों में शामिल थी, जहां लगभग 13 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होता था, लेकिन अब उपेक्षा के कारण इसकी स्थिति दयनीय हो गई है।

अफरोज आलम ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस प्रस्तावित डील से सस्ते आयातित उत्पादों की भरमार होगी, जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा। धरना में सम्राट जेना, रिचा सिंह, मुरारी, बबलू भगत, वैश खान और सुशीला भारती सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## मांग : बाबा विशुरात स्थान पर हाई मास्ट लाइट की मांग तेज, विधायक ने दिया आश्वासन

**न्यूज स्केल,बड़हरा कोठी**

-------------------

बड़हरा कोठी प्रखंड के लतराहा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 5 स्थित बाबा विशुरात स्थान के परिसर में हाई मास्ट लाइट नहीं होने से रात के समय गहरा अंधेरा छाया रहता है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस संबंध में समाजसेवी त्रिभुवन कुमार ने बताया कि यहां पूजा-पाठ के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं,



लेकिन प्रकाश व्यवस्था के अभाव में उन्हें कठिनाई होती है। मंदिर सड़क किनारे स्थित होने के कारण आवागमन करने वाले लोगों को भी अंधेरे में परेशानी होती है।

ग्रामीणों, युवाओं, किसानों और मजदूरों ने एक स्वर में मांग उठाई है कि यहां हाई मास्ट लाइट लगाई जाए, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ सके।

समाजसेवी त्रिभुवन कुमार ने इस मांग को लेकर बनमनखी के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि से मुलाकात कर जल्द लाइट लगाने का अनुरोध किया। इस पर विधायक ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र ही हाई मास्ट लाइट लगवाने का आश्वासन दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि जल्द ही समाजसेवी त्रिभुवन कुमार के नेतृत्व में विधायक को औपचारिक मांग पत्र भी सौंपा जाएगा, ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com





# पूर्णिया में 'जय भीम' की गूंज : बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर निकली भव्य शोभा

## संविधान निर्माता को जिले भर मे किया गया नमन, नीले रंग में रंगा पूरा शहर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर रविवार को पूर्णिया की सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। पूरा शहर नीले रंग, झंडों और "जय भीम" के नारों से गूंज उठा। राजकीय वैद्यनाथ कल्याण छात्रावास से निकली भव्य शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।



इस अवसर पर सांसद पप्पू यादव मेयर विभा कुमारी कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव सहित अनेक पूर्व प्रत्याशी सहित समजिक व राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर सांसद पप्पू यादव युवाओं के साथ झूमते नजर आए, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया।

**शहरभर में निकली रैली, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

प्रभात कॉलोनी स्थित छात्रावास से शुरू हुई यह शोभा यात्रा भोला पासवान शास्त्री चौक, गिरिजा चौक, आर.एन. साह चौक, भट्टा बाजार और लाइन बाजार होते हुए पुनः छात्रावास पहुंची। रास्ते भर सामाजिक न्याय और समानता के संदेश देती झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

**शीतल पेय की जगह जगह थी व्यवस्था**

भीषण गर्मी को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए और सामाजिक संगठनों द्वारा शरबत, पानी एवं खीर की व्यवस्था की गई। युवाओं ने हाथों में नीले झंडे लेकर "जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा" और "जय भीम" के नारे लगाए। बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प

**बाबा साहब को किया याद**

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उनके सिद्धांत "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। आयोजकों ने कहा कि यह रैली केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और जागरूकता का संदेश है।

इस प्रकार, पूर्णिया में आयोजित यह शोभा यात्रा न केवल आस्था और सम्मान का प्रतीक बनी, बल्कि बाबा साहेब के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी साबित हुआ

# अंबेडकर जयंती पर पूर्णिया में निकली भव्य प्रभात फेरी, सांसद पप्पू यादव हुए शामिल

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

▪ "शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि" — पप्पू यादव

पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को पूरे उत्साह, गरिमा और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर टैक्सी स्टैंड स्थित अंबेडकर सेवा सदन एवं डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावास में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव (राजेश रंजन) मुख्य रूप से शामिल हुए।

अंबेडकर सेवा सदन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने बाबा साहेब



को नमन किया और कहा कि उनका जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से "शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो" के मंत्र को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज में समानता, भाईचारा और न्याय स्थापित करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस दौरान आयोजकों ने सांसद को पुष्पगुच्छ, मोमेंटो और बाबा साहेब की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया।

इसके बाद सांसद अंबेडकर कल्याण छात्रावास पहुंचे, जहां छात्रों और युवाओं ने जयंती समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है, जिसके माध्यम से वंचित वर्ग अपने अधिकार हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने छात्रों के बीच पेन वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम के उपरांत सांसद प्रभात फेरी में भी शामिल हुए। छात्रावास से आरएन साह चौक तक निकले जुलूस में वे युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। इस दौरान बाबा साहेब के गीतों पर युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और सांसद भी उनके साथ झूमते नजर आए।

पूरे आयोजन में "जय भीम, जय संविधान, जय विज्ञान, जय भारत" के नारों से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अफरोज आलम, सांसद प्रतिनिधि बबलू भगत, प्रवक्ता राजेश यादव, वैश खान, मो. सद्दाम अली खान, पूर्व जिलाध्यक्ष विजेंदर यादव, रंजीत पासवान, एव बिक्रम पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर जिले भर में कार्यक्रमों की धूम, महापौर विभा कुमारी और जितेंद्र यादव रहे सक्रिय

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

▪ "बाबा साहेब के विचारों पर चलकर ही समतामूलक समाज का निर्माण संभव है
महापौर विभा कुमारी

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में महापौर विभा कुमारी और सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।



अंबेडकर कल्याण छात्रावास में आयोजित समारोह में महापौर विभा कुमारी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा उप विकास आयुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान केक काटकर जयंती मनाई गई। आयोजन समिति ने अतिथियों का स्वागत बाबा साहेब की मूर्ति और बुके देकर किया। छात्रावास परिसर में पौधारोपण कर महापौर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

बस स्टैंड स्थित अंबेडकर सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में भी महापौर एवं जितेंद्र यादव ने तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यहां अध्यक्ष प्रदीप पासवान, संस्थापक शंभू प्रसाद दास, सचिव नरेश राम, महासचिव अभिजीत कुमार, कोषाध्यक्ष नोखेलाल जी, संगठन सचिव इस्लामुद्दीन, सदस्य योगेंद्र राम, सदानंद पासवान, संजय राम, राजेंद्र राम, केशव पासवान, पूर्व वार्ड पार्षद राजीव कुमार उर्फ पप्पू पासवान, दिलीप चौधरी, नीतू दा, मंटू गुप्ता, धीरज पुगलिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

इसी क्रम में गुलाबबाग पुराना सिनेमा हॉल के समीप सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में अनिल राम के नेतृत्व में आयोजन हुआ, जिसमें रविंद्र जी, अजय भारती, रिशु पासवान, कुमोद पासवान, अभय पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

वहीं एससी-एसटी कर्मचारी संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ. सुधांशु जी एवं एससी-एसटी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक विक्रम पासवान की भी सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रमों में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया।

# अंबेडकर जयंती पर सपहा गांव में प्रतिमा अनावरण ,सांसद ने दिया शिक्षा व एकता का दिया संदेश

**न्यूज स्केल रुपौली**

सांसद पप्पू यादव बोले— "शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो" आज भी समाज के लिए प्रासंगिक

रूपौली प्रखंड के टीकापट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयली सिमरा पश्चिम पंचायत के सपहा गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया।



अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि बाबा साहेब का मूल मंत्र "शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो" आज भी समाज को दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सामाजिक बदलाव शिक्षा और समान अवसर से ही संभव है। उन्होंने सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर देते हुए समान शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता बताई।

सांसद ने समाज में बढ़ती नफरत और विभाजनकारी सोच पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी धर्मों और समुदायों के बीच भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने युवाओं से नशे और अंधविश्वास से दूर रहकर शिक्षा व सकारात्मक सोच अपनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने सांसद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष पियुष कुमार रविदास, सांसद प्रतिनिधि अफताब आलम उर्फ पप्पू मुखिया, शिवकुमार यादव (सरपंच), सुमित कुमार रविदास, रुपेश रविदास, केलाश भारती, बिनोद यादव, प्रेम किशोर सिंह, दिलीप मंडल, सांसद प्रवक्ता राजेश यादव, पूर्व प्रमुख बिहारी यादव, अश्वनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और युवा मौजूद रहे।

# एमआईटी रामबाग में अंबेडकर जयंती पर जागी सामाजिक चेतना, छात्रों ने प्रस्तुत किए प्रेरक कार्यक्रम

## प्राचार्य डॉ. साकिब शकील बोले — शिक्षा और संकल्प से ही बनेगा समतामूलक समाज

**न्यूज स्केल रुपौली**

मिल्लिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), रामबाग में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह, गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके संघर्षपूर्ण जीवन और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान से अवगत कराना रहा।





कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद संस्थान के प्राचार्य डॉ. साकिब शकील ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति और समाज दोनों को सशक्त बनाती है।

> "डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उनके विचारों को अपनाकर ही हम एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।" — डॉ. साकिब शकील, प्राचार्य

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी अपने विचार रखते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन को संघर्ष, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उनके सिद्धांत आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समानता और नैतिकता को बढ़ावा देना चाहिए।

कार्यक्रम में सभी विभागों के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

छात्रों द्वारा प्रस्तुत भाषण, कविता पाठ एवं नाटक ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, जातिवाद के खिलाफ उनके आंदोलन और समानता के लिए किए गए प्रयासों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें आयोजकों एवं उपस्थित सभी शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जयंती : ज्ञान के प्रतीक डॉ० अम्बेडकर की जयंती मनाई गई



**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

रेणुज सदन में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ० भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाँसबाड़ी गाँव के अद्वैत अज्ञेय, एसडीओ (RWD), पटना ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन चरित्र और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।

उर्दू अनुवादक अदिति अज्ञेय ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डॉ० अंबेडकर ने दलितों, वंचितों, महिलाओं और मजदूर वर्ग के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने यह भी कहा कि आज वे जो भी हैं, वह बाबा साहेब के विचारों और अपनी मेहनत का परिणाम है।

पूर्व प्रधानाध्यापक एवं शिक्षाविद डॉ० प्रकाश प्रभात ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ० अंबेडकर जयंती को "ज्ञान दिवस" के रूप में भी मनाया जाता है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर आकाश अज्ञेय, उर्मिला देवी, अयांश अज्ञेय, सनोज कुमार, गोलू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अंबेडकर जयंती पर स्वच्छता और सेवा का संदेश, नूतन गुप्ता ने किया सफाई अभियान का नेतृत्व





**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

टैक्सी स्टैंड स्थित अंबेडकर सेवा सदन में खुद झाड़ू उठाकर की सफाई, प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज को स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया।

जयंती की पूर्व संध्या पर श्रीमती गुप्ता शहर के टैक्सी स्टैंड स्थित अंबेडकर सेवा सदन परिसर पहुंचीं, जहां उन्होंने स्वयं सफाई अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने हाथों में झाड़ू लेकर पूरे परिसर की साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

मुख्य समारोह के दौरान श्रीमती गुप्ता ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर दर्जनों महिला कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया और कहा कि वे सामाजिक न्याय के साथ-साथ अनुशासन और शुचिता के प्रतीक थे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब का "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का संदेश आज भी प्रासंगिक है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य तेजी से हो रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में पूर्णिया टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम, कई गणमान्य नेताओं की रही मौजूदगी



बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती समारोह का आयोजन पूर्णिया जिला स्थित टाउन हॉल में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष मा० ब्यासमुनि दास जी उपस्थित रहे। उनके साथ बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी ई० सुनेश कुमार जी, सरोज चौधरी, रामकिशोर पाण्डेय (जोन प्रभारी), तरुण कुशवाहा (प्रदेश महासचिव) तथा विकाश रंजन (पूर्व जोन ई०) विद्यानगर मंडल भी शामिल हुए।

जिलाध्यक्षों में धूरन सदाय (मधुबनी), नरेश राम, संतोष राम, मिथलेश कुशवाहा, चन्देश्वरी राम, उपेन्द्र नारायण मेहता एवं सहदेव राम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्णिया जिलाध्यक्ष सुमन कुमार मेहता ने की, जबकि मंच संचालन जिला महासचिव जयहिन्द कुमार ने किया।

इस अवसर पर दूर-दूर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

# भाजपा जिला कार्यालय में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि, संगोष्ठी का आयोजन

**संविधान निर्माता के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प, समाज में समानता और न्याय को मजबूत करने पर जोर**




न्यूज स्केल पूर्णिया

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री अशोक पासवान ने की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष वीर नारायण गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेन्दू शेखर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश को एक सशक्त संविधान प्रदान किया, जो आज भी भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उनके विचार "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" आज भी समाज के हर वर्ग के लिए मार्गदर्शक हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यसमिति सदस्य अभ्यम लाल ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, जिला महामंत्री अरुण राय पुलक, संजय पोद्दार, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेन्दू शेखर, राजेश रंजन, सुनील भंसाली, विजय राय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार दास, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमित सिंह, अमृत आनंद चौरसिया, मंजीत कुमार, रितेश सिंह, शुभम झा, बॉबी दास सहित वरिष्ठ पदाधिकारीगण, मंडल के कार्यकर्ता, युवा एवं महिला कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने एवं उनके सपनों का भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।

# 1860-75 की दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपि पूर्णिया में मिली, 'ज्ञान भारतम्' सर्वेक्षण के दौरान अहम खोज

न्यूज स्केल पूर्णिया,

**कोहबरा गांव में स्व. गिरजा नाथ पाठक की विरासत सामने आई, प्रशासन ने संरक्षण की दिशा में बढ़ाया कदम**



भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत मंगलवार को पूर्णिया जिले के के.नगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोहबरा (पोस्ट-बेनेली, चंपानगर) में एक विशेष भ्रमण किया गया। इस दौरान एक ऐतिहासिक और दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपि की खोज हुई, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने वाली मानी जा रही है।

भ्रमण के दौरान स्वर्गीय गिरजा नाथ पाठक द्वारा लिखित एक प्राचीन पांडुलिपि प्राप्त हुई। उनके पौत्र त्रिलोकनाथ पाठक और विभूति नाथ पाठक ने बताया कि यह हस्तलिखित पुस्तक वर्ष 1860 से 1875 के बीच तैयार की गई थी। वर्तमान में यह अमूल्य पांडुलिपि परिवार के सदस्य राजेश नाथ पाठक के पास सुरक्षित है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी पुरानी पांडुलिपि का मिलना न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय परंपरा, भाषा और ज्ञान की विरासत को समझने में भी सहायक साबित होगी। प्रशासन द्वारा इस पांडुलिपि के संरक्षण और दस्तावेजीकरण की दिशा में आगे की कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

इस मौके पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पंकज कुमार पटेल, के.नगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार सहित स्व. गिरजा नाथ पाठक के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र में छिपी ऐतिहासिक धरोहरों को सामने लाने का प्रयास जारी है।

# बनमनखी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मनाई अंबेडकर जयंती

न्यूज स्केल बनमनखी



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बनमनखी के तत्वावधान में भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान विधिवेत्ता एवं समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे उत्साह के साथ सभी बूथों पर मनाई गई। इसी क्रम में शिक्षा नगर शक्ति केंद्र अंतर्गत बूथ संख्या 156 पर वरिष्ठ नेता अवधेश साह के आवास पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष संतोष चौरसिया ने कहा कि बाबा साहेब के संघर्ष और विचारों के कारण ही देश में सामाजिक समानता का विस्तार संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आज समाज के विभिन्न वर्गों से आए लोग उच्च पदों पर आसीन हैं, जो बाबा साहेब की दूरदर्शी सोच और संविधान की ताकत को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि डॉ. अंबेडकर की विचारधारा ने गरीब, वंचित और पिछड़े वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा दी। भाजपा ही एक ऐसा राजनीतिक दल है जो उनके विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर बाबा साहेब के अधूरे सपनों को साकार करने में योगदान दें।

इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष संतोष चौरसिया, वरिष्ठ नेता अवधेश साह, अजय सिंह शिवशिष्य, शिवशंकर तिवारी, ब्रजमोहन सिंह, अभिरंजन ठाकुर, माधवेंद्र कुमार, सूरज सिंह, सुजीत ठाकुर, अभिषेक सिंह, मुकेश कुमार, कैलाश कुमार, शंभु कुमार, अमित देव, सुबोध साह तथा सुबोध साहनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैसा मे धूमधाम से मनाई गई भीम राव अंबेडकर की जयंती



न्यूज स्केल बैसा

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती सोमवार को प्रखंड क्षेत्र सहित रौटा थाना परिसर में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव के नेतृत्व में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनके विचारों और योगदान को याद किया। थानाध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जाति प्रथा के उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया और समाज में समानता व न्याय की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती हमें उन महान विचारक और संविधान निर्माता की याद दिलाती है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक सुधार को समर्पित किया। चौकीदार शुशील कुमार राय, श्रवण कुमार एवं दशरथ कुमार ने भी उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान शिक्षाविद् और समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर पु.अनि. हरि प्रसाद यादव, विश्व जीत शेन गुप्ता, समीर कुमार पाण्डेय, स.अनि. हामीद अंसारी, संजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बायसी में फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, स्टाफ को दिया गया प्रायोगिक प्रशिक्षण

न्यूज स्केल बायसी



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बायसी में मंगलवार को फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को आग लगने की आपातस्थिति में सतर्कता, सुरक्षा उपायों और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम के तहत ASHA, ANM एवं स्टाफ नर्स को फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस एवं फायर टीम के विशेषज्ञों द्वारा आग लगने के विभिन्न कारणों, उससे बचाव के उपायों और आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

इस दौरान फायर एक्सटिंग्विशर के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग की सही विधि समझाई गई। प्रशिक्षकों ने PASS तकनीक (Pull, Aim, Squeeze, Sweep) के माध्यम से आग बुझाने की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। साथ ही सभी उपस्थित कर्मियों को फायर एक्सटिंग्विशर का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में इसका सही उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में गैस सिलेंडर से आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। बताया गया कि गैस लीक होने पर तुरंत रेगुलेटर बंद करें, किसी भी प्रकार के विद्युत स्विच या माचिस का प्रयोग न करें तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखें। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों में आपदा प्रबंधन के प्रति सजगता और आत्मविश्वास बढ़ा है, जो भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सहायक सिद्ध होगा।

# कालेज परिसर में जलभराव का खतरा, मोदो साह महिला विद्यालय में मैनेजमेंट कमिटी की आपात बैठक

न्यूज स्केल कसबा



कसबा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मोदो साह महिला उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को मैनेजमेंट कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ने की, जिसमें चल रहे तटबंध निर्माण कार्य को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

बैठक में बताया गया कि जल संसाधन विभाग, पटना के तत्वावधान में कसबा महावीर चौक से पूरब कारी कोसी के दाहिने तटबंध के उच्चीकरण एवं कालीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य विद्यालय की जमीन से होकर गुजर रहा है, जिससे शैक्षणिक माहौल पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई गई।

कमिटी के सदस्यों ने विशेष रूप से इस बात पर आपत्ति जताई कि तटबंध पर बनाए गए कलवर्ट का पानी निकासी मुंह कॉलेज परिसर की ओर खोल दिया गया है। आशंका जताई गई कि बाढ़ के समय सारा पानी कलवर्ट के जरिए विद्यालय परिसर में जमा हो जाएगा, जिससे छात्राओं की पढ़ाई बाधित होगी।

बैठक में यह भी बताया गया कि विद्यालय की जमीन महामहिम राज्यपाल, पटना के नाम से रजिस्टर्ड है, जिसकी जमाबंदी संख्या 1809, खाता संख्या 1192 तथा खेसरा संख्या 2052, 2042 है। इसके बावजूद निर्माण कार्य के लिए कॉलेज प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मैनेजमेंट कमिटी ने तटबंध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी पूर्णिया, कमिश्नर पूर्णिया तथा जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवेदन भी सौंपा गया है।

बैठक में प्रो. शमीम अख्तर, प्रो. राजू प्रसाद साह, प्रो. गोपाल प्रसाद, प्रो. माला कुमारी, प्रो. ममता कुमारी, प्रो. दिनेश मोदी, प्रो. मिथुन चौधरी, प्रो. भानु कुमार, प्रो. फरहत महबूब, सुधाकर कुमार, अमित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अमौर के झौवारी अगलगी में 9 परिवारों के घर जलकर राख, लाखों की संपत्ति नष्ट

न्यूज स्केल अमौर



अमौर प्रखंड के झौवारी पंचायत स्थित वार्ड संख्या 4 में सोमवार रात भीषण अगलगी की घटना में 9 परिवारों के घर जलकर राख हो गए। रात करीब 10:15 बजे सीमा रानी के घर से उठी आग की लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंजीला के घर में रखे गैस सिलेंडर के विस्फोट से आग और तेजी से फैल गई।

इस हादसे में खालिदा खातून, सीमा रानी, फिरोज, मो. नाजिम, रौनक, अंजीला, यासमीन खातून, उम्मती सहित अन्य परिवार पूरी तरह प्रभावित हुए हैं। आग में फर्नीचर, आलमारी, गहने-आभूषण, जरूरी कागजात, मवेशी और तीन साइकिल सहित लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। मो. नाजिम की पुत्री जन्नती ने बताया कि जीविका समूह के रौनक ग्राम संगठन का 74 हजार रुपये का कलेक्शन भी आग में जल गया।

सूचना के लगभग डेढ़ घंटे बाद जलालगढ़ और अमौर से पहुंची दमकल टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सौरभ कुमार ने मौके पर पहुंचकर सहायता का आश्वासन दिया। पीड़ितों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजे की मांग की है।

# रामबाग बीएड कॉलेज में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई, CTET उत्तीर्ण प्रशिक्षु सम्मानित

न्यूज स्केल पूर्णिया



मिल्लिया फखरूद्दीन अली अहमद बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रामबाग, पूर्णिया में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शहबाज रिजवी एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान, मिल्लिया तराना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं भाषणों के माध्यम से बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बीएड सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के उन प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने CTET परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रवीण कुमार सिंह ने किया, जबकि राजीव कुमार ने पीपीटी के माध्यम से बाबा साहब के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य डॉ. रिजवी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" के संदेश को आज भी प्रासंगिक बताते हुए छात्रों को उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों व आयोजकों का आभार व्यक्त किया तथा सफल आयोजन के लिए टीम को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत, पेड़ से लटका मिला शव पुलिस की जांच शुरू



न्यूज स्केल हरदा / केनगर ----

केनगर थाना क्षेत्र के बनभाग चुनापुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-10 स्थित चुनापुर मुसहरी टोला में सोमवार की शाम एक अधेड़ उम्र के बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव मंगलवार की सुबह घर से करीब 200 मीटर दूर एक सूखे बेल के पेड़ की टहनी से फंदे से लटका हुआ मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, मृतक सोमवार शाम करीब 7 बजे राजस्थान से मजदूरी कर घर लौटा था। रात साढ़े नौ बजे भोजन कर छत पर सो गया। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे पड़ोस की महिलाओं ने शव को पेड़ से लटकते देखा और शोर मचाया। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर जयप्रकाश सिंह व केनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया गया है।मृतक के परिवार में पत्नी, दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं, जो बाहर मजदूरी करते हैं। फिलहाल घर में छोटी पुत्री व दामाद रहते थे। थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी ने बताया कि आवेदन नहीं मिला है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से मजदूर की मौत, दूसरा गंभीर

केनगर थाना क्षेत्र के एनएच-107 पर मंगलवार रात रामोतार चौक के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मजदूर काम खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को केनगर सीएचसी पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जीएमसीएच पूर्णिया रेफर किया गया। इलाज के दौरान साजन कुमार साह की मौत हो गई।

# नदी में डूबने से 11 वर्षीय बच्ची की मौत, शव की तलाश जारी

न्यूज स्केल अमौर



अमौर थाना क्षेत्र में नदी में डूबने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है ।घटना मंगलवार को दिन 1-00 बजे अधांग पंचायत के वार्ड न० 04 के समीप से बहने वाली पड़वान नदी में घटी है जहां ग्रामवासी मो रईस की 11 वर्षीय बेटी आसीफा अन्य बच्चियों के साथ पड़वान नदी में नहाने गई थी । नहाने क्रम में नदी के गहरे पानी में चले जाने से चार बच्चियां नदी में डूब गई ।स्थानीय लोगों ने नदी में गोता लगाकर तीन बच्चियो को बचा लिया । जबकि बच्ची को बचा पाना संभव नहीं हो सका और डूबने से उसकी मौत हो गई ।स्थानीय लोगों ने नदी में गोता लगा कर काफी तलाश कि किन्तु बच्ची का शव बरामद नहीं हो पाया है ।इस बीच सूचना पर अमौर बीडीओ सह सीओ राजा राम पंडित द्वारा एसडीआरएफ टीम को भेजा गया है जो घटना स्थल पर मोटरवोट के साथ नदी में शव की तलाश करने में जुट गये हैं ।घटना से पीड़ित बच्ची के माता पिता व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।

# अररिया में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ, जन-जागरूकता पर जोर

## अररिया जिले में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया

**न्यूज़ स्केल अररिया,**

अररिया जिले में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक मनाए जाने वाले अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को जिला पदाधिकारी श्री विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत फ्लैग पिन लगाकर की गई, जिसमें अधिकारियों, कर्मियों एवं आम नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूरे जिले में सप्ताह भर चलने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई।



**शहीद अग्निकों को दी गई श्रद्धांजलि**: कार्यक्रम के दौरान वर्ष 1944 के भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्निकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया। इस दौरान शहीदों के साहस और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भावुक और प्रेरणादायक रहा।

**जन-जागरूकता को लेकर अधिकारियों का संदेश**: जिला पदाधिकारी विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए हर नागरिक को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सप्ताह भर आयोजित सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि इसका प्रभाव समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

**अग्निशमन विभाग की विस्तृत रूपरेखा**: प्रमंडलीय समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार प्रसाद ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी क्रम में अररिया में भी बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे लोगों में अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़े और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# बाबा साहेब अंबेडकर को माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

**न्यूज़ स्केल अररिया,**

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर अररिया अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर जिला पदाधिकारी श्री विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र कुमार द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



**01**: जिला पदाधिकारी ने बाबा साहेब को संविधान के शिल्पकार बताते हुए उनके संघर्ष और योगदान को प्रेरणास्रोत बताया।

**02** : सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के उत्थान में बाबा साहेब के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला गया।

**जिला पदाधिकारी ने बताए बाबा साहेब के विचार**: इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब संविधान के शिल्पकार थे और उनका जीवन संघर्ष, समर्पण एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के उत्थान में उनका योगदान अतुलनीय है।

**शिक्षा और सामाजिक समानता पर दिया जोर**: जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन माना। उन्होंने सभी से उनके बताए मार्ग पर चलने और शिक्षा को जीवन का आधार बनाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक समरसता और एकता आज भी उतनी ही आवश्यक है।

**अधिकारियों ने किया संकल्प**
कार्यक्रम में उपस्थित वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई एवं अल्पसंख्यक कल्याण सहित अन्य अधिकारियों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। सभी ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल कटिहार,**

कटिहार जिला अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा का निरीक्षण जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी एवं अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया।



**सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी**
निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। पुलिस बल की तैनाती, दंडाधिकारियों की उपस्थिति तथा संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मियों को सतर्क रहकर परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

**परीक्षा संचालन एवं निर्देश**
जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का संचालन पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।

**मूलभूत सुविधाएं एवं निष्कर्ष**
निरीक्षण के क्रम में परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं साफ-सफाई का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समग्र रूप से परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होती दिखी।

# जमालपुर लोको शेड में स्वदेशी कंप्रेसर इकाई का निर्माण

**भागलपुर,** (हि.स.)। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल अंतर्गत जमालपुर लोको शेड में "स्क्रैप टू आर्ट" पहल के तहत कंडम घोषित पुराने इंजनों के पुर्जों का पुनर्चक्रण कर एक बहुउपयोगी स्वदेशी कंप्रेसर इकाई का सफलतापूर्वक निर्माण किया गया है। यह अभिनव कार्य मंडल रेल प्रबंधक मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल) कृष्ण कुमार दास के नेतृत्व में संपन्न हुआ।




इस कंप्रेसर इकाई के माध्यम से 10 किलोग्राम/सेमी तथा 3.5 किलोग्राम/सेमी का दबाव उत्पन्न किया जा सकता है। 10 किलोग्राम/सेमी दबाव का उपयोग रिवर्सर परीक्षण यंत्र, ईएमसी सफाई, सीजीआर सफाई, मास्टर कंट्रोलर की सफाई तथा अन्य उपकरणों में वायु प्रवाह के लिए किया जाएगा, जबकि 3.5 किलोग्राम/सेमी दबाव का उपयोग एसएमजीआर परीक्षण यंत्र पर परीक्षण कार्य के लिए किया जाएगा। उक्त इकाई में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रेशर स्विच, सेफ्टी वाल्व तथा स्वचालित संपर्कक (ऑटोमैटिक कॉन्टैक्टर) लगाए गए हैं, जो निर्धारित दबाव प्राप्त होने पर कंप्रेसर को स्वतः बंद कर देते हैं। इस परियोजना को वरिष्ठ तकनीशियन विश्वरूप सेनगुप्ता द्वारा विकसित किया गया है, जिनके साथ एसएसई (जी) विनय कुमार सिंह एवं सेक्शन सुपरवाइजर हरिहरन बामन का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। इसके अतिरिक्त, बेंच वाइस संपर्क, ईएमसी स्टैंड, सीजीआर स्टैंड, जीआर, एसएमजीआर स्टैंड तथा अन्य आवश्यक लाइन व्यवस्थाएं भी इन-हाउस विकसित की गई हैं। यह पहल न केवल परित्यक्त सामग्री के प्रभावी पुनः उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि इससे लागत में उल्लेखनीय बचत, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा कार्यक्षमता में वृद्धि सुनिश्चित हुई है। यह नवाचार "वेस्ट टू वेल्थ" एवं "आत्मनिर्भर भारत" की भावना के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा स्वदेशी तकनीकी क्षमता को भी सुदृढ़ करता है।

# किशनगंज में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, 7300 से अधिक सिलेंडर स्टॉक में : डीएम विशाल राज

**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि किशनगंज जिला अंतर्गत एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति की स्थिति पूर्णतः सामान्य बनी हुई है।डीएम ने बताया कि वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक 7300 से अधिक है। गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें पूर्व की भांति दो से तीन दिनों के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है।




साथ ही कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी भी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन दो पालियों में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने बताया कि एलपीजी गैस से संबंधित आज कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में टाउन थाना प्रभारी अभिषेक रंजन पर शिकंजा, किशनगंज-पटना-सारण में रेड

**न्यूज़ स्केल किशनगंज,**

जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने मंगलवार अहले सुबह को किशनगंज टाउन थाना प्रभारी अभिषेक कुमार रंजन के पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

यह कार्रवाई किशनगंज, पटना और सारण जिले में स्थित उनके आवास और अन्य परिसरों पर की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 8 बजे चार वाहनों से पहुंची नौ सदस्यीय ईओयू टीम ने किशनगंज स्थित उनके आवास और चेंबर में छापेमारी शुरू की।



टाउन थाना से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित उनके आवास को टीम ने घेर लिया। कार्रवाई में एक महिला अधिकारी भी शामिल हैं। इस दौरान जांच एजेंसी थाना अध्यक्ष के ड्राइवर हरेंद्र से भी पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार अभिषेक कुमार रंजन की कथित तौर पर माफिया से साठगांठ की भी जांच की जा रही है।

ईओयू की दूसरी टीम ने पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित देवनगर कॉलोनी में अभिषेक कुमार रंजन के मकान पर छापेमारी की। इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी सीपी यादव कर रहे हैं। टीम के पहुंचने के समय घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था, जिसके बाद टीम परिजनों के आने का इंतजार करती रही।

सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत उनके पैतृक गांव पैगा में भी सुबह-सुबह दबिश दी गई। जांच टीम दस्तावेज, संपत्ति से जुड़े कागजात और अन्य सामानों की बारीकी से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अभिषेक कुमार रंजन के खिलाफ आय से 1 करोड़ 70 लाख 22 हजार रुपये अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया है। इसी मामले में यह छापेमारी की जा रही है।विभागीय कार्रवाई के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिषेक कुमार रंजन को पद से हटाए जाने की भी चर्चा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। अभिषेक कुमार रंजन वर्ष 2009 बैच के दारोगा हैं। बाद में उन्हें पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली। दिसंबर 2024 में उन्होंने किशनगंज सदर थाना का पदभार संभाला था।

इससे पहले वे बहादुरगंज थाना अध्यक्ष भी रह चुके हैं। गौरतलब है कि जिले में महज 15 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले 31 मार्च को पूर्व एसडीपीओ गौतम कुमार के सरकारी आवास पर भी आर्थिक अपराध इकाई ने छापेमारी की थी। लगातार हो रही कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जांच एजेंसी द्वारा दस्तावेजों की जांच जारी है और छापेमारी के बाद बड़े खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# किशनगंज में नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत, डीएम ने सभी केंद्रों की जांच के दिए आदेश

**न्यूज़ स्केल किशनगंज,**

किशनगंज में एक नशा मुक्ति केंद्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने जिले में संचालित सभी नशा मुक्ति केंद्रों की जांच के आदेश दिए हैं और स्पष्ट किया है कि नियमों के विरुद्ध संचालित केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामला सोमवार का है, जब




बहादुरगंज थाना क्षेत्र के लोहागड़ा निवासी मोहम्मद कलाम पिता- इस्माइल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि कलाम को करीब नौ दिन पहले शहर के बेलवा स्थित 'सूफिया चैरिटेबल ट्रस्ट' नामक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। दसवें दिन उसकी मौत हो गई। मृतक की शादी आठ महीने पहले ही हुई थी।

परिजन ने आरोप लगाया है कि नशा मुक्ति केंद्र में कलाम की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान थे। केंद्र संचालक ने परिजनों को फोन कर कलाम की तबीयत खराब होने की सूचना दी थी। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इस दौरान केंद्र के कर्मी मौके से फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि बाद में बिचौलियों की मिलीभगत से मामला शांत करा दिया गया और परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव लेकर घर चले गए। इससे पूरे मामले पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में संबंधित नशा मुक्ति केंद्र का पंजीकरण नहीं होने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कहलगांव एनटीपीसी में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**भागलपुर,** एनटीपीसी कहलगांव परिसर स्थित सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा द्वारा मंगलवार को अग्निशमन सेवा दिवस एवं अग्नि सुरक्षा सप्ताह-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फायर स्टेशन में किया गया, जहां सहायक कमांडेंट मनीष कुमार ने स्वागत भाषण दिया और सप्ताह का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि रविन्द्र पटेल सीजीएम परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कहलगांव कमांडेंट भारती नंदन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि



अर्पित कर 1944 के मुंबई पोर्ट अग्निकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा।

इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा बुकलेट एवं पम्पलेट का विमोचन किया गया।

परियोजना प्रमुख ने संयंत्र में शून्य अग्नि दुर्घटना लक्ष्य और सुरक्षा जागरूकता पर बल दिया।

सीआईएसएफ अग्निशमन कर्मियों के योगदान की सराहना की गई तथा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। सुरक्षा जागरूकता अभियान आगे जारी रहेगा

# धूमधाम से मनाई गई डा अम्बेडकर की 135 वीं जयंती, उनके नाम पर लाइब्रेरी का होगा निर्माण

**न्यूज स्केल सुपौल**

भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मंगलवार को जिले में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर जिला अंबेडकर संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया। संस्थान के सचिव चंदन पासवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के क्रम में जिला पदाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस ,अपर समाहर्ता सचिदानंद सुमन, अनुमंडल पदाधिकारी,मनोहर साहु, वरीय उपसमाहर्ता विकास कर्ण ,एनडीए जिला संयोजक संयोजक नागेंद्र नारायण ठाकुर, नप मुख्य पार्षद राघवेन्द्र झा, अमर कुमार चौधरी, गोविंद पासवान, अमरेन्द्र कुमार अमर, युगल किशोर अग्रवाल,डा विजय शंकर चौधरी, रमेंद्र कुमार रमण, मो जमाल ,रामचंद्र यादव, राजा हुसैन,अभय मिश्रा बंटी,मनमन सिंह,गगन ठाकुर , सुब्रत मुखर्जी, राहुल ठाकुर, लव यादव ,मनोज रजक, मांगैन पासवान, दुर्बल पासवान, सूर्य नारायण राम, ई अमरेंद्र यादव, ललन साह, अरविंद पासवान, जगरनाथ पासवान, अमित अग्रवाल, फेंकन सादा,मो जावेद, राम निरंजन रजक आदि ने डा अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।







**अंबेडकर पुस्तकालय का होगा निर्माण :** कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी के समक्ष जिला अंबेडकर संस्थान के सचिव द्वारा स्मारक के समीप बाबा साहेब के नाम पर लाइब्रेरी स्थापित करने का अनुरोध किया। डीएम श्री कुमार ने इस कार्य में भरपूर सहयोग करने की बात कही। उन्होंने तत्काल ही उक्त निर्माण योजना को लेकर गांधी मैदान के उत्तरी स्थल का अवलोकन भी किया। साथ ही नगर परिषद के मुख्य पार्षद एवं अन्य गणमान्य से इस बारे में बातचीत की। उन्होंने प्रस्तावित भवन के लिए आर्किटेक्ट से नक्शा और डिजाइन तैयार करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी के इस प्रकार के सहयोगात्मक रवैए से संस्थान के सदस्य एवं स्थानीय लोगों में काफी खुशी देखी गई।

## "गुजरात फैक्ट्रियों का हब बनेगा, बिहारी युवक उसमें मजदूरी करेगा—यही है बिहार का विकास मॉडल" — प्रशांत किशोर

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

अररिया जाने के क्रम में प्रशांत किशोर प्रखंड की सुखानगर पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता वीरपुर अनुमंडल के पूर्व अध्यक्ष धरनीधर प्रसाद सिंह ने की।

सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार पदयात्रा के दौरान उन्होंने देखा कि राज्य की वास्तविक स्थिति आंकड़ों से कहीं अधिक गंभीर है।

उन्होंने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज के समय में 400 रुपये की मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन है।

पेंशन योजना पर बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि उनकी पदयात्रा के दौरान उठाए गए मुद्दों के कारण ही आज करीब एक करोड़ लोगों को 1100 रुपये पेंशन के रूप में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था सुधार के लिए किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता।

रोजगार के मुद्दे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के 80 वर्षों बाद भी बिहार में लोगों के लिए समुचित रोजगार की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र के लोग बिहार आकर मजदूरी नहीं करते, क्योंकि वहां रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार के एक करोड़ से अधिक लोग रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं, जहां उन्हें अपमान सहते हुए मजदूरी करनी पड़ती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यदि बिहार में उद्योग-धंधे स्थापित हो जाएं तो पलायन रुक जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जा रहा है।





उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में मजदूरों की मासिक आय 25 से 30 हजार रुपये तक होती है, जबकि बिहार के मजदूर 10 से 15 हजार रुपये में काम करने को मजबूर हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि फैक्ट्रियां गुजरात में लगेंगी और उनमें काम करने के लिए बिहार के युवाओं को जाना पड़ेगा—यही वर्तमान विकास मॉडल है।

सभा को पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ने भी संबोधित किया और जन सुराज संगठन की विचारधारा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जयप्रकाश सिंह (सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक), ललन कुमार यादव, तनयत हर्षवर्धन, इंद्र नारायण साह, नरेश नयन, विधानसभा प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह, जिला महिला अध्यक्ष नलीम सिंह, तपेश्वर यादव और रीति झा सहित कई लोग उपस्थित थे।

इससे पूर्व प्रशांत किशोर के आगमन पर धरनीधर प्रसाद सिंह सहित अन्य लोगों ने उन्हें बुके और माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## बी.एस.एस. कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**न्यूज स्केल सुपौल।**

बी.एस.एस. कॉलेज में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुजीत कुमार वत्स के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुधीर कुमार सुमन ने की। उन्होंने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया तथा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण की गयी।



इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सामाजिक न्याय और समानता के प्रति डॉ. अंबेडकर की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र सूरज कुमार, नीरज कुमार, वशिष्ठ कुमार एवं नीतीश कुमार ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए और बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के बर्सर डॉ. रणधीर कुमार सिंह, अनामिका यादव, डॉ. अमरेंद्र आनंद, डॉ. विवेकानंद सरकार, डॉ. जूली, डॉ. पायल, डॉ. बिंदु, डॉ. गोविंद प्रसाद, डॉ. अखिल, बृजकिशोर, दीपक कुमार एवं खोखन बहादुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन निधि कुमारी के द्वारा किया गया।

इस आयोजन ने छात्रों और शिक्षकों के बीच बाबा साहेब के विचारों को और अधिक मजबूत करने का कार्य किया।

## त्रिवेणीगंज में अंबेडकर जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम, समता और सशक्तिकरण का दिया संदेश





**न्यूज स्केल त्रिवेणीगंज**

मंगलवार को एनएसएस की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई, अनूपलाल यादव महाविद्यालय त्रिवेणीगंज के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद लतौना उत्तर, वार्ड संख्या 20 स्थित दलित बस्ती में किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने की, जबकि संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव ने किया।

**प्राचार्य का संबोधन:** प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकार की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि वे बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और स्वच्छ राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें।

**संविधान निर्माण और विचारधारा:** प्रो. विद्यानंद यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार माना जाता है। स्वतंत्रता के बाद वे देश के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री बने। उनके नेतृत्व में 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत किया गया, जिसने भारत को मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। वर्ष 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

**जागरूकता अभियान और समापन:** कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया। "सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण" थीम पर विशेष चर्चा की गई। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कई प्राध्यापक, कर्मचारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पिपरा के डीएस स्कूल सहित कई जगहों पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई 135वीं अंबेडकर जयंती





**न्यूज स्केल पिपरा।**

**01 : विद्यालय एवं क्षेत्र के अन्य संस्थानों में क्विज, चित्रकला, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।**

पिपरा बाजार स्थित डीएस इंग्लिश बोर्डिंग स्कूल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में निदेशक, शिक्षकों और छात्रों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में आस्था, सम्मान और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

**निदेशक ने दिया प्रेरणादायक संदेश:** विद्यालय के निदेशक एम. वली ने छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और शिक्षा व समानता के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की अपील की। इस दौरान "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

**विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन:** अंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यालय एवं क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन आयोजनों के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों को बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान की जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**नगर पंचायत में भी मनाई गई जयंती:** नगर पंचायत पिपरा के वार्ड नंबर 11 स्थित बाबा दिना भदरि स्थान पर भी अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में योगदान को याद किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार, दीपक जी सहित कई स्थानीय लोग और दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं।

## एसएसबी ने 18 लीटर नेपाली शराब एवं एक मोटरसाइकिल को किया जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**न्यूज स्केल सुपौल**

45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी रिफ्यूजी कॉलोनी द्वारा भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 लीटर नेपाली शराब एवं एक मोटरसाइकिल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में कमांडेंट गौरव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा चौकी रिफ्यूजी कॉलोनी के कार्यक्षेत्र कोशिकपुर में अवैध शराब की तस्करी की संभावना है। प्राप्त सूचना के आधार पर एक पेट्रोलिंग पार्टी का गठन कर चिन्हित स्थान पर पहुंचकर गुप्त रूप से निगरानी की गई।निगरानी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति भारतीय सीमा में कोशिकपुर गांव के मक्का के खेतों के रास्ते ग्राम कोशिकापुर की तरफ अति तीव्र गति से आता हुआ दिखाई दिया। सुरक्षा बल द्वारा संदिग्ध को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम मिथुन कुमार, निवासी ग्राम



दहगामा, जिला सुपौल बताया।तलाशी के दौरान उसके पास से 18 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उक्त शराब वह मनीष पासवान नामक व्यक्ति कोशिकापुर से लाया था।बरामद शराब, मोटरसाइकिल एवं गिरफ्तार तस्कर को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के उपरांत थाना वीरपुर, जिला सुपौल को सुपुर्द कर दिया गया।इस अभियान में सहायक कमांडेंट मयूर रंगरी , सिपाही अभिषेक, वीरपुर थाना एवं अन्य जवानों ने सराहनीय भूमिका निभाई।45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा भारत–नेपाल सीमा पर तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

## भाजपा कार्यालय में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

**न्यूज स्केल सुपौल**

भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा कार्यालय में मनायी गयी। उनके चित्र पर माल्यार्पण करें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ऋषिदेव ने कहा कि भारतीय समाज में एक सच्चा सिपाही खो दिया उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में गुजरात शहर में हुआ था हुए बचपन से ही मेघावी थे उन्होंने देश में उच्च तर शिक्षा प्राप्त कर विदेश में जाकर शिक्षा ग्रहण किया और आजादी के बाद भारत के संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी और यह संविधान सभा की अध्यक्षता भी किए थे ।



पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र ठाकुर ने कहा कि अंबेडकर महिलाओं के हक के लिए हिंदू कोड बिल का प्रारूप पेश किया तो उन्हें प्रस्तुति अवकाश दिलाने श्रमिक महिलाओं के बच्चों के लिए पालना घर बनवाने महिला कर्मियों को पुरुषों के समान वेतन दिलाने का कार्य किया ।उन्होंने अनुसूचित जातियों के लिए पृथक निर्वाचन की मांग की मगर समर्थन न मिलने पर पुणे तक के साथ विधायकों में उनके लिए स्थान आरक्षित कराया बाबा साहब यही नहीं रुके उन्होंने अस्पृश्यता को जरूर बनाया और बहिष्कृत जातियों को इस आयत और इस्लाम धर्म करने से रोककर वैकल्पिक रास्ते के तौर पर भारतीय मूल के बौद्ध धर्म में दीक्षित कारण आज हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके द्वारा बनाए गए संविधान पर उनके द्वारा उनके द्वारा भारत भारत आज भी अपने नव निर्माण की ओर आगे बढ़ रहा है कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, जिला महामंत्री केशव प्रसाद गुड्डू, कुणाल ठाकुर मुन्ना सिंह पवन कुमार अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र नारायण पाठक ,रणधीर ठाकुर, मनोज पाठक ,सत्यनारायण चौधरी जिला प्रभारी मनोरंजन झा, अनुरंजन झा, जगदीश यादव, विष्णु देव पंडित ,महेश देव मोहम्मद जहीर ,अर्चना मेहता, विनीता देवी ,रूबी जायसवाल, विमलेन्दु ठाकुर सहित उपस्थित थे

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पैक्स निर्वाचन 2026 की तैयारियों की समीक्षा

**न्यूज़ स्केल पटना,**

**01: बैठक में निर्वाचन को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया।**

**02 : जिले में कुल 59 पैक्स एवं 1 व्यापार मंडल में दिनांक 20 अप्रैल 2026 को मतदान प्रस्तावित है।**






**59 पैक्स एवं 1 व्यापार मंडल में होगा निर्वाचन:** बैठक में जानकारी दी गई कि पटना जिलांतर्गत कुल 59 पैक्स एवं 1 व्यापार मंडल में दिनांक 20 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पटना के जिलाधिकारी द्वारा आगामी पैक्स निर्वाचन, 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं अधिक से अधिक सहभागितापूर्ण बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य की गंभीरता को देखते हुए समयबद्ध तरीके से तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। **कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को दिए गए निर्देश:** जिलाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। सभी कोषांगों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों की नियमित समीक्षा करने को कहा गया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराए जाएं। **उप विकास आयुक्त को नियमित पर्यवेक्षण का दायित्व:** बैठक में उप विकास आयुक्त, पटना सह नोडल पदाधिकारी पैक्स निर्वाचन (सहकारी संस्थाएं) को पूरे निर्वाचन कार्य की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की हर चरण पर सतत पर्यवेक्षण आवश्यक है ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके और चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

# नवादा में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा का शांतिपूर्ण आयोजन, डीएम ने किया निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल नवादा,**



बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। **परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा** निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कन्या इंटर विद्यालय, गांधी इंटर स्कूल एवं राजकीय मध्य विद्यालय, नवादा सहित कई परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने केंद्रों पर व्यवस्थाओं की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया।

**मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान:** डीएम ने परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं जैसे पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा गया।

**केंद्राधीक्षकों को दिए सख्त निर्देश:** निरीक्षण के दौरान सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा का संचालन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए। किसी भी परीक्षार्थी को असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया।

**कदाचारमुक्त परीक्षा पर जोर** जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए, ताकि परीक्षा की विश्वसनीयता बनी रहे।

# पहचान छिपाकर युवक ने एक छात्रा से जबरन किया दुष्कर्म

**पूर्वी चंपारण**, (हि.स.)। जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र से एक गंभीर आपराधिक मामला सामने आया है, जहां एक छात्रा को झांसा देकर एक युवक ने उसकी अस्मिता से खिलवाड़ किया और लंबे समय तक ब्लैकमेल कर उसका शोषण करता रहा है ।




पीड़ित छात्रा के अनुसार, आरोपी युवक ने शुरुआत में अपना नाम शालू सिंह बताकर उससे दोस्ती की और धीरे-धीरे उसे अपने जाल में फंसा लिया। इसी दौरान उसने अपनी असली पहचान छुपाते हुए छात्रा के साथ जबरन दुष्कर्म किया। बाद में जब छात्रा को युवक की वास्तविक पहचान, पिपरिया गांव निवासी डॉ. रहमान मियां के पुत्र सलमान राज के रूप में हुई, तो उसने उससे संबंध खत्म कर दिया और बातचीत बंद कर दी।

बातचीत बंद होने के बाद आरोपी ने छात्रा के बनाए गए आपत्तिजनक फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।

लोकलाज के कारण छात्रा ने यह बात अपने परिवार को नहीं बताई। लेकिन जब उसने पूरी तरह संपर्क खत्म कर दिया, तो आरोपी ने उसका पीछा करना और रास्ते में छेड़खानी करना शुरू कर दिया। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसकी छोटी बहन के साथ भी छेड़खानी करने लगा और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था, जिससे वह काफी भयभीत हो गई थी।

इधर बीते दिन शाम मे जब छात्रा कोचिंग से लौट रही थी, इसी दौरान निमुईया मोड़ के पास आरोपी ने उसे घेरकर अपहरण करने की कोशिश की। छात्रा द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गया।

इस घटना के बाद पीड़ित छात्रा ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की।

सदर डीएसपी दिलीप सिंह ने बताया कि आरोपी युवक सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है।

# नवादा में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, प्रशासन ने दी स्पष्ट जानकारी

**न्यूज़ स्केल नवादा,**



जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर किसी भी तरह की चिंता की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सेवा मिल रही है। **सतत निगरानी में आपूर्ति व्यवस्था:** जिला प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचाएं। साथ ही डोर-टू-डोर आपूर्ति व्यवस्था को भी सुचारू रखा गया है। **शिकायतों का त्वरित समाधान** उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है। हेल्पलाइन नंबर 06324-212122 पर प्राप्त 346 शिकायतों में से 297 का निवारण किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई जारी है। कालाबाजारी पर सख्ती जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सभी प्रखंडों में विशेष छापामारी दल गठित किए गए हैं। ये दल गैस एजेंसियों के गोदामों और वितरण प्रणाली का नियमित निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके। **अफवाहों से दूर रहने की अपील:** जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे गैस सिलेंडर को लेकर फैल रही किसी भी अफवाह या भ्रामक खबर पर ध्यान न दें। आवश्यकता अनुसार ही बुकिंग करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

**पर्याप्त स्टॉक से मांग की पूर्ति प्रभारी जिला आपूर्ति:** पदाधिकारी डॉ. राज कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 14,014 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 3,697, बीपीसीएल के 7,466 तथा आईओसीएल के 2,851 सिलेंडर शामिल हैं, जो मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं।

# नालंदा जिले में 30 टन प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां जब्त

**बिहारशरीफ** (हि.स.)। जिले में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को लहेरी मोहल्ला (मुरारपुर) में नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। उप नगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक गोदाम में छापेमारी की, जहां से करीब 30 टन प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां बरामद की गईं हैं।जब्त प्लास्टिक की अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई से इलाके के व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि बरामद प्लास्टिक की मात्रा इतनी अधिक थी कि उसे



हटाने के लिए करीब 13 ट्रैक्टरों की मदद लेनी पड़ी। सभी थैलियों को ट्रैक्टरों में लोड कर जब्त किया गया और नगर निगम के नियंत्रण में सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।इसअभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ भी सख्ती दिखाई। लहेरी थाना के समीप एक निजी मैरेज हॉल के सामने सड़क पर अवैध रूप से रखे गए दो जनरेटर को भी जब्त किया गया है। इन जनरेटरों के कारण आम लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी।

मौके पर ही अतिक्रमण हटाकर सड़क को खाली कराया गया है।इस अभियान में सिटी मैनेजर साकेश कुमार, राजस्व पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, परमानंद प्रसाद सहित नगर निगम के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बगहा व मच्छरगांवा के रिक्त वार्डों में उपचुनाव की तैयारी तेज, मतदाता सूची का कार्य शुरू

**न्यूज़ स्केल नवादा,**

**▪ 15 अप्रैल 2026 को प्रारूप प्रकाशन, 13 मई 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।**




नगर परिषद बगहा के वार्ड संख्या 10 एवं 29 तथा नगर पंचायत मच्छरगांवा के वार्ड संख्या 05 में वार्ड पार्षद पद रिक्त होने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के निर्देशानुसार उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने इन रिक्त पदों को भरने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

**मतदाता सूची निर्माण की प्रक्रिया शुरू:** उपचुनाव के मद्देनजर अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने का कार्य आरंभ हो गया है। यह सूची बिहार विधानसभा की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर तैयार की जा रही है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिरहित हो सके।

**ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध:** मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन या हटाने के लिए नागरिक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दावा एवं आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पर यूनिक रसीद भी उपलब्ध होगी। साथ ही प्रारूप सूची विभिन्न सरकारी कार्यालयों, थानों, डाकघरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी।

**समय-सारणी जारी, 13 मई को अंतिम प्रकाशन:** प्रशासन द्वारा मतदाता सूची तैयार करने की विस्तृत समय-सारणी जारी की गई है। 15 अप्रैल 2026 को प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा, जबकि 15 से 28 अप्रैल तक दावा-आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। प्राप्त आवेदनों का निराकरण 4 मई तक किया जाएगा और 13 मई 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

# गढ़दिबौर में हाथियों का तांडव, स्कूल में तोड़फोड़



**नवादा,** (हि.स.)। जिले मे रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत अंतर्गत गढ़दिबौर गांव में मंगलवार को जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गढ़ दिबौर में घुसकर तोड़फोड़ की और मध्याह्न भोजन के लिए रखे चावल-दाल को बिखेर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथियों ने विद्यालय की खिड़कियां-दरवाजे तोड़ दिए और स्कूल में रखी कॉपी-किताबें इधर-उधर फेंक दीं। इसके अलावा गांव के कई घरों को भी आंशिक नुकसान पहुँचाई गई है। उत्पात मचाने के बाद हाथियों का झुंड जंगल की ओर लौट गया। लगातार हाथियों की आवाजाही से ग्रामीण भयभीत हैं। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व हरदिया पंचायत के सूअरलेटी गांव में हाथी के हमले में एक व्यक्ति समेत दो मवेशियों की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और उन्हें आबादी क्षेत्र से दूर भगाने के प्रयास में जुटी है।

# बालू अनलोड कर लौट रहे ट्रैक्टर चालक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**नवादा,** (हि.स.)। जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में युवा ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन-भुआलटांड़ मुख्य पथ पर यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान खड़सारी पंचायत के कदहर गांव निवासी बिजली राम के 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि राहुल कुमार पेशे से ट्रैक्टर चालक था और रोजाना बालू ढुलाई का काम करता था। मंगलवार को वह ट्रैक्टर से बालू अनलोड कर वापस अपने गांव की ओर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर का संतुलन अचानक बिगड़ गई।

चालक कुछ समझ पाता उससे पहले ही ट्रैक्टर इंजन व डाला सहित सड़क किनारे पलट गया और लगभग आठ फीट नीचे खेत में चला गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि चालक ट्रैक्टर के चक्के के नीचे दब गया और घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे,लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के स्वजन सहित सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना कौआकोल थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को हटवाया गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया।

जवान बेटे की मौत की घटना के बाद मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम में भेजने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सीवान रूट पर रेलवे की सख्ती, लिच्छवी व स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में अवैध वेंडिंग का खुलासा

**सीवान,** (हि.स.)। पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल द्वारा ट्रेनों में अवैध वेंडिंग और अनधिकृत पानी की बोतल बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीवान रूट पर बड़ी कार्रवाई की गई है।मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में वाणिज्य निरीक्षकों की टीम द्वारा छपरा, सीवान, बलिया एवं गाजीपुर सिटी सहित प्रमुख स्टेशनों पर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में गाड़ी संख्या 12562 डाउन स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में बलिया से छपरा के बीच पेंट्री कार की जांच के दौरान 6 व्यक्ति बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पेनाल्टी सहित टिकट बनाया गया, जिससे कुल 4910 रुपए रेल राजस्व प्राप्त हुआ। साथ ही पेंट्री कार से 70 बोतल अनधिकृत "दिव्य जल" पानी जब्त कर पार्सल कार्यालय छपरा को अग्रिम कार्रवाई हेतु सौंपा गया। वहीं गाड़ी संख्या 14006 डाउन लिच्छवी एक्सप्रेस में मऊ से सीवान के बीच जांच के दौरान पेंट्री कार से 12 कार्टून अनधिकृत "अनुजल" पानी बरामद किया गया। सभी कार्टून को सीज कर वाणिज्य अधीक्षक, सीवान को आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया।

इसके अतिरिक्त गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर भी कार्रवाई करते हुए 3 अनधिकृत वेंडरों को पैकेज्ड पेयजल, कोल्ड ड्रिंक एवं आइसक्रीम बेचते हुए पकड़ा गया। उनके पास मौजूद सामग्री को जब्त कर रेलवे सुरक्षा बल को अग्रिम कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# बंगाल में सत्ता मिली तो 'लव जिहाद' और बहुविवाह खत्म करेंगे : अमित शाह

**कोलकाता, (हि.स.)**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्दीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान बड़ा बयान देते हुए कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में सत्ता में आती है, तो राज्य में 'लव जिहाद' और 'बहुविवाह' जैसी प्रथाओं पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए समान नागरिक संहिता को लागू किया जाएगा।



मालदा जिले के माणिकचक में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में कुछ लोगों को एक साथ चार विवाह करने की अनुमति है, जबकि अन्य को एक ही विवाह तक सीमित रहना पड़ता है। उन्होंने इसे असमानता बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद समान नागरिक संहिता लागू कर इस व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' जैसी गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाया जाएगा।

गृह मंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पिछले पंद्रह वर्षों में हुए भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई यह सोचता है कि वह बच जाएगा, तो यह उसकी भूल है। चुनाव परिणाम घोषित होने और नई सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार में शामिल हर व्यक्ति को जेल भेजा जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि यदि 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान के दौरान तृणमूल कांग्रेस से जुड़े असामाजिक तत्व गड़बड़ी करने की कोशिश करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लोगों को मतदान के दिन घर में ही रहना चाहिए, अन्यथा उन्हें परिणाम भुगतने होंगे।

इस दौरान शाह ने नरेंद्र मोदी का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबर द्वारा ध्वस्त किए गए राम मंदिर का पुनर्निर्माण प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने तृणमूल के पूर्व विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद निर्माण से जुड़े बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में कहीं भी बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने राज्य में आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद पर नियंत्रण किया है और अब अवैध घुसपैठ को भी पूरी तरह रोका जाएगा

# बंगाल को कब्ज़ा करना आसान नहीं : ममता बनर्जी

**पश्चिम मेदिनीपुर**, (हि. स.)। जिले के पिंगला स्थित कांचडिहा स्टैक यार्ड मैदान में मंगलवार को आयोजित चुनावी जनसभा में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने पार्टी उम्मीदवार मानस रंजन भैया और अजीत मायती के समर्थन में जनता से मतदान की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि "दिल्ली से बड़े नेता आते हैं, साथ में मीडिया और केंद्रीय एजेंसियां भी सक्रिय हो जाती हैं, लेकिन बंगाल को दबाना आसान नहीं है।" उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की राजनीति में भय का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने अविभाजित



मेदिनीपुर की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि ईश्वर चंद्र विद्यासागर, खुदीराम बोस और मातंगिनी हाजरा जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की कर्मभूमि रही है, इसलिए यहां "गंदी राजनीति" स्वीकार नहीं की जाएगी। केंद्रीय बलों की तैनाती पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यदि शांति बहाल करने के लिए पुलिस आती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं, लेकिन मतदाताओं को डराने की कोशिश हुई तो जनता जवाब देगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में विकास योजनाओं के बल पर जनता का विश्वास तृणमूल कांग्रेस के साथ है। ममता बनर्जी ने केंद्र पर राज्य के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए घाटाल मास्टर प्लान के लिए फंड न देने की बात कही। साथ ही उन्होंने रोजगार और प्रवासी मजदूरों के मुद्दे उठाते हुए कहा कि बंगाल के लोगों के साथ अन्य राज्यों में होने वाले व्यवहार पर भी सवाल उठते हैं। सभा में उन्होंने भाजपा पर "बाहर से भीड़ लाकर रैली करने" का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की जनता विकास और सम्मान की राजनीति के साथ खड़ी है।

# चुनाव 26 : बंगाल में दो हजार 926 उम्मीदवार मैदान में, नामांकन प्रक्रिया पूरी

**कोलकाता,** (हि.स.)। भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर अहम जानकारी जारी करते हुए बताया कि राज्य में कुल दो हजार 926 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यह आंकड़ा नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद सामने आया है।

आयोग के अनुसार, 15 मार्च 2026 को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनाव तथा छह राज्यों में उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया था। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल 2026 तय की गई थी, जबकि 10




अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच हुई। उम्मीदवारों को नाम वापस लेने के लिए 13 अप्रैल 2026 को अपराह्न तीन बजे तक का समय दिया गया था।

नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी आंकड़ों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर एक हजार 478 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए एक हजार 448 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह दोनों चरणों को मिलाकर कुल दो हजार 926 उम्मीदवार चुनावी दौड़ में शामिल हैं।

आयोग ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत सभी उम्मीदवारों की अंतिम सूची सरकारी राजपत्र में प्रकाशित करेंगे। साथ ही प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन, जांच और नाम वापसी से जुड़े सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से सीलबंद रखा जाएगा।

मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने नागरिकों से ईसीआईनेट अनुप्रयोग के "अपने उम्मीदवार को जानें" खंड का उपयोग करने की अपील की है। इसके जरिए मतदाता उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां देख सकते हैं और उनके शपथ पत्र भी डाउनलोड कर सकते हैं।

इसके अलावा, आयोग ने स्पष्ट किया कि ईवीएम पर बैलेट यूनिट में उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीर, क्रम संख्या, नाम और चुनाव चिह्न बड़े अक्षरों में प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बंगाल में भाजपा को फायदा पहुंचाने का काम कर रही तृणमूल : राहुल गांधी

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी बंगाल पहुंचे। रायगंज में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता ने तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर हमला बोला।

जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बंगाल में भाजपा के बढ़ते प्रभाव के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ही जिम्मेदार है। बंगाल में भाजपा को फायदा पहुंचाने का काम तृणमूल कर रही है और उसके लिए रास्ता तैयार कर रही है। यदि तृणमूल कांग्रेस ने सही तरीके से शासन



किया होता और राज्य में हिंसा का माहौल न बनने दिया होता, तो भाजपा के यहां उभरने का सवाल ही नहीं उठता। भाजपा बंगाल में दिखाई भी नहीं देती, लेकिन ममता सरकार ने ऐसा नहीं किया।

राहुल ने दोनों पार्टियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में तृणमूल और भाजपा में कोई बड़ा अंतर नहीं है।

कांग्रेस नेता ने सारदा चिट फंड घोटाला और रोज वैली चिट फंड घोटाला का जिक्र कर कहा कि आज तक निवेशकों का पैसा वापस नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कोल स्मगलिंग, गैरकानूनी खनन, गुंडा टैक्स से तृणमूल अपने सिंडिकेट को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि तृणमूल ने 2021 के घोषणापत्र में पांच लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता को कुछ नहीं मिला। उल्टा यहां की कंपनियां और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स बंद हो गईं।

राहुल गांधी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हम हिंसा और अपराध की बात करते हैं, तो हमें आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए दुष्कर्म और हत्या मामले की भी बात करनी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और टीएमसी के नेता हिंसा का प्रयोग करते हैं, लेकिन कांग्रेस हिंसा के खिलाफ है।

# 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की वोटिंग प्रक्रिया शुरू

**आसनसोल,** (हि.स.)। मंगलवार से 50 वर्ष से अधिक उम्र तथा 40 फ़ीसदी दिव्यांग मतदाताओं की वैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग प्रक्रिया शुरू हो गई। यह प्रक्रिया मंगलवार से दो दिनों तक चलेगी। जिले में ऐसे मतदाताओं की कुल संख्या 5246 है। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में इनकी संख्या अलग-अलग है, जिनमें पांडेश्वर में 521, दुर्गापुर में 606, दुर्गापुर पश्चिम में 602, रानीगंज में 522, जामुड़िया में 586, आसनसोल दक्षिण में 554, आसनसोल उत्तर में 703, कुल्टी में 462 और अन्य क्षेत्रों में 687 मतदाता शामिल हैं।



उल्लेखनीय है कि इन मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में दो पोलिंग अधिकारी, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक कैमरामैन, केंद्रीय बल के चार जवान, राज्य पुलिस के दो जवान और संबंधित बूथ के बीएलओ शामिल होंगे। बीएलओ इन मतदाताओं की पहचान की पुष्टि करेंगे।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 से 15 टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें दो दिनों के भीतर सभी चिन्हित मतदाताओं से मतदान कराना है। ये मतदाता बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करेंगे, जिसके लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग ने इस बार फर्जी मतदाताओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से कई सख्त और अनोखे कदम उठाए हैं। इसके तहत प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को मतदान शुरू होने से लेकर समाप्ति तक अनिवार्य रूप से तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।बीएलओ का मुख्य कार्य सही मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करना होगा। यदि कोई मतदाता मोबाइल फोन लेकर मतदान केंद्र पर आता है, तो बीएलओ उसका मोबाइल अपने पास सुरक्षित रखेंगे और मतदान के बाद उसे वापस करेंगे। इसके लिए बूथ पर ही रिसीविंग स्लिप दी जाएगी।

किसी मतदाता को लेकर यदि पीठासीन अधिकारी को संदेह होता है, तो बीएलओ उसकी पुष्टि करेंगे कि वह वास्तविक मतदाता है या नहीं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य के नाम पर वोट न डाल सके।

इसी संबंध में सोमवार को आसनसोल के रवींद्र भवन में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर अनुज चक्रवर्ती ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया, जिसमें आसनसोल सदर के महकमा शासक अधोर कुमार राय और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बीएलओ को घर-घर जाकर बूथ स्लिप वितरण करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बूथ स्लिप वितरण का कार्य मंगलवार से शुरू किया जाएगा।इसके साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर-घर जाकर मतदान कराने की विशेष व्यवस्था की गई है।

# तृणमूल की रैली में भाजपा का झंडा, बच्चों की मौजूदगी पर विवाद तेज



**सिलीगुड़ी,** (हि. स.)। चुनावी माहौल के बीच सिलीगुड़ी महकमा के खोरीबाड़ी में एक अजीब मामला सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रैली में भाजपा का झंडा दिखाई देने से इलाके में सियासी हलचल तेज हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, फांसीदेवा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल उम्मीदवार रीना टोप्पो एक्का के समर्थन में मंगलवार को खोरीबाड़ी ब्लॉक के प्रेताजोत गांव में एक रैली निकाली गई थी। इस रैली का नेतृत्व स्थानीय नेता परिमल सिंह कर रहे थे। रैली के दौरान एक तरफ जहां बच्चों की मौजूदगी ने सवाल खड़े किए, वहीं अचानक भाजपा का झंडा दिखाई देने से माहौल और भी गर्म हो गया।

तृणमूल नेताओं ने इसे विपक्ष की "साजिश" बताया।

परिमल सिंह ने कहा कि गांव में प्रचार के दौरान बच्चे अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए थे, लेकिन रैली में भाजपा का झंडा जानबूझकर डाला गया ताकि पार्टी की छवि खराब की जा सके।वहीं, भाजपा की ओर से तरुण सिंह ने तृणमूल पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी रैली में लोग नहीं आ रहे, इसलिए बच्चों का इस्तेमाल किया गया।उन्होंने कहा कि भाजपा का झंडा दिखना "परिवर्तन का संकेत" है और इसमें किसी तरह की साजिश नहीं है, बल्कि यह जनता की भावना को दर्शाता है।

चुनाव आयोग की सख्त गाइडलाइंस के बावजूद राजनीतिक रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल को लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। कुल मिलाकर, यह "झंडा विवाद" अब पूरे इलाके में चर्चा का केंद्र बन गया है।

# इस बार बंगाल चुनाव में लापरवाही या हिंसा पर जीरो टॉलरेंस अपनाएगा आयोग, अधिकारियों को दिए गए हैं सख्त निर्देश

**कोलकाता**, (हि. स.)। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर "जीरो टॉलरेंस" की नीति लागू की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, पुलिस आयुक्त और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जिला समन्वयकों की उच्च स्तरीय बैठक में चुनावी कदाचार, मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों और सुरक्षा व्यवस्था




को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी और हर गतिविधि पर पैनी नजर होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार को बंगाल पहुंची और लगातार अधिकारियों के साथ बैठकें कर रही है। देर रात तक चली बैठकों में सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि हर मतदाता को बिना भय, दबाव और प्रलोभन के मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया जाए। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के समन्वयक ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ सघन निगरानी की जाएगी और बूथ कब्जा या मतदान में बाधा डालने जैसी किसी भी कोशिश पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को पूरी तरह निष्पक्ष रहने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि में संलिप्तता पाए जाने पर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इन सभी कदमों का उद्देश्य मतदाताओं का विश्वास मजबूत करना है, ताकि वे बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी।

# गृह मंत्री अमित शाह के जनसभा को लेकर जोरदार तैयारी

**जलपाईगुड़ी,** (हि. स.)। पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच 15 अप्रैल यानी पॉयला बैसाख के दिन देश के गृह मंत्री अमित शाह राजगंज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचेंगे। यह सभा भाजपा उम्मीदवार दिनेश सरकार के समर्थन में आयोजित की जा रही है।

यह जनसभा राजगंज के फाटापुकुर के पास बुरीमोड़ इलाके के मैदान में होगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है। मंच निर्माण, मैदान की सजावट और लोगों के बैठने की व्यवस्था तेजी से की जा रही है।



सुरक्षा के लिहाज से भी कड़े इंतजाम किए गए है। सभास्थल और आसपास के इलाकों में लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड की भी तैनाती की गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

भाजपा नेतृत्व का दावा है कि सभा में भारी संख्या में लोग जुटेंगे और मैदान खचाखच भरा रहेगा।

# आधुनिक इंजीनियरिंग और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम है दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे



1.95 लाख पौधों का वृक्षारोपण और 33,840 पेड़ों की कटाई रोकी गई।

परियोजना से 19% ईंधन बचत और कार्बन उत्सर्जन में बड़ी कमी का अनुमान।

कुल 213 किमी लंबा यह कॉरिडोर राज्यों को जोड़ता है।

**देहरादून,** (हि.स.)। दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर आधुनिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन का अनूठा उदाहरण बनकर उभरा है। राजाजी नेशनल पार्क और शिवालिक के घने जंगलों के बीच से गुजरने वाला यह हिस्सा न केवल यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन को भी सुनिश्चित करता है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव:** 213 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ता है। लगभग 11,963 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस 6-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर में दो आरओबी, 10 पुल और सात इंटरचेंज शामिल हैं। इसके पूरा होने से दिल्ली से देहरादून की दूरी महज 2.5 घंटे में तय की जा सकेगी, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

**वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर की अनूठी डिजाइन:** एलिवेटेड कॉरिडोर को गणेशपुर, मोहंड और आसारोडी तीन जोन में विकसित किया गया है। वन्यजीवों के निर्बाध आवागमन के लिए इसमें 200 मीटर लंबे दो एलिफेंट अंडरपास और छह अन्य एनिमल पास बनाए गए हैं। यह संरचना हाथी, नीलगाय, सांभर, तेंदुआ और जंगली सुअर जैसे जीवों के लिए सुरक्षित मार्ग प्रदान करती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

**पर्यावरण संरक्षण में नई मिसाल:** परियोजना के तहत लगभग 20 किलोमीटर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ, लेकिन संतुलन बनाए रखने के लिए 1.95 लाख पौधों का प्रतिपूरक वृक्षारोपण किया गया। आधुनिक तकनीक के उपयोग से 33,840 पेड़ों की कटाई रोकी गई। इसके अलावा, डाटकाली क्षेत्र में 370 मीटर लंबी सुरंग का निर्माण कर पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया गया है।

**दीर्घकालिक लाभ और सतत विकास:** इस कॉरिडोर से अगले 20 वर्षों में लगभग 2.44 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी का अनुमान है, साथ ही करीब 19 प्रतिशत ईंधन की बचत होगी। एलिवेटेड संरचना के कारण वन और नदी क्षेत्र सुरक्षित रहे और किसी प्रकार का मानव विस्थापन नहीं हुआ। यह परियोजना देश में सतत विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का एक प्रेरक मॉडल बनकर सामने आई है।

# केंद्र सरकार ने खनिज रियायत नियमावली में महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए

खान मंत्रालय
MINISTRY OF MINES
सत्यमेव जयते

**ग्रेड के आधार पर मूल्य तय:** नए नियमों के अनुसार, 35 से 45 प्रतिशत एफई वाले अयस्क का एएसपी, 45–51 प्रतिशत ग्रेड वाले अयस्क के एएसपी का 75 प्रतिशत होगा। वहीं, 35 प्रतिशत से कम एफई सामग्री वाले अयस्क के लिए यह 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्र सरकार ने निम्न श्रेणी के लौह अयस्क के मूल्य निर्धारण मानदंडों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए खनिज रियायत नियमावली में संशोधन किया है। इस संशोधन का उद्देश्य कम गुणवत्ता वाले अयस्क के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देना और इस्पात उद्योग को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

**एएसपी निर्धारण की नई व्यवस्था:** खान मंत्रालय द्वारा 10 अप्रैल को अधिसूचित संशोधन के तहत 45 प्रतिशत से कम लौह (एफई) सामग्री वाले अयस्क के लिए औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) निर्धारित करने की नई कार्यप्रणाली लागू की गई है। इसमें बीएचक्यू और बीएचजे जैसे अयस्क भी शामिल किए गए हैं।

**परिशोधन को मिलेगा बढ़ावा** इस संशोधन से पहले निम्न श्रेणी के अयस्क के लिए अलग मूल्य निर्धारण नहीं था, जिससे उनका परिशोधन आर्थिक रूप से कठिन था। अब नई नीति से इन संसाधनों का उपयोग बढ़ेगा और खनिज संरक्षण को बल मिलेगा।

**आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम:** सरकार का मानना है कि इस कदम से उच्च श्रेणी के अयस्क पर दबाव कम होगा और देश लौह अयस्क के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।

# ईरान-अमेरिका वार्ता आगे बढ़ने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल का भाव 96 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

■ **सोमवार को कीमतों में 7% से अधिक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।**

-------------

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल के दाम में नरमी देखने को मिल रही है। ईरान और अमेरिका वार्ता आगे बढ़ने की उम्मीद के दौरान मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर लगभग 96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं।



अंतरराष्ट्रीय बजार में शुरुआती कारोबार में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का भाव आज 2.29 डॉलर यानी 2.31 फीसदी की गिरावट के साथ 96.79 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, ब्रेंट 1.47 डॉलर यानी 1.48 फीसदी टूटकर 97.483 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।


इससे एक दिन पहले सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नाकाबंदी का ऐलान के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 7 फीसदी से अधिक की तेजी देखने को मिली थी। क्रूड ऑयल का भाव 104 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। जानकारों का कहना है कि जब तक अमेरिका और ईरान के बीच स्थिति सामान्य नहीं हो जाती है तब तक कच्चे तेल की कीमतों में यह उतार-चढ़ाव देखने को मिलता रहेगा।

# मध्य पूर्व संकट से वैश्विक बाजार में उथल-पुथल

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

■ **मध्य पूर्व संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है।**

-------------




अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने चेतावनी दी है कि मध्य पूर्व में जारी युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। तीनों संस्थानों के प्रमुखों ने एक संयुक्त बैठक में कहा कि ऊर्जा और उर्वरक की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं, जिससे वैश्विक बाजार में अस्थिरता बनी रहेगी।

ऊर्जा आपूर्ति पर गहराता संकट

**संघर्ष के कारण कच्चे तेल** और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है, जो वैश्विक ऊर्जा व्यापार का प्रमुख मार्ग है। आपूर्ति में रुकावट के कारण कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है।

**खाद्य सुरक्षा और गरीब देशों पर असर:** ईंधन और उर्वरक की बढ़ती कीमतों का सीधा असर खाद्य उत्पादन पर पड़ रहा है। इससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। ऊर्जा आयात करने वाले और कम आय वाले देशों के लिए स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जहां महंगाई और बेरोजगारी का दबाव बढ़ रहा है। युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर विस्थापन और पर्यटन क्षेत्र में गिरावट भी दर्ज की गई है।

**वैश्विक सहयोग और निगरानी की जरूरत:** तीनों संस्थानों ने कहा कि स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है और आपूर्ति को सामान्य स्तर पर आने में समय लगेगा। वे प्रभावित देशों को नीति मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं। साथ ही, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों की लगातार निगरानी जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, ताकि स्थिर और समावेशी आर्थिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

# वजन घटाने में कितना कारगर है नारियल पानी? जानें इसके फायदे

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

नारियल पानी वज़न घटाने में सहायक जरूर हो सकता है, लेकिन यह कोई जादुई ड्रिंक नहीं है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें कैलोरी बहुत कम होती है—लगभग 46 कैलोरी प्रति कप—जिससे यह सोडा और मीठे पेय पदार्थों का बेहतर विकल्प बन जाता है। अगर आप हाई-कैलोरी ड्रिंक्स की जगह नारियल पानी लेते हैं, तो कुल कैलोरी इनटेक कम होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।



इसके अलावा, इसमें मौजूद पोटैशियम मेटाबॉलिज्म को बेहतर करता है और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखता है। हल्की मात्रा में प्रोटीन और फाइबर भी भूख को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जिससे बार-बार खाने की आदत कम होती है। हालांकि, सिर्फ नारियल पानी पीने से वजन कम नहीं होगा। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सही जीवनशैली के साथ इसे शामिल करने पर ही इसका पूरा लाभ मिलता है।

# राशिफल : 15 अप्रैल, 2026

मेष- संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

वृष- कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धि कारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

मिथुन- मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

कर्क- शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-4-6-9

सिंह- विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाए। शुभांक-5-7-9

कन्या- क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

तुला - सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

वृश्चिक- परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

धनु - कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाए। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

मकर- पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

कुम्भ - दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9

मीन- कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

# पंचांग : 15 अप्रैल, 2026

15 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मेष में
चंद्र मीन में
मंगल मीन में
बुध मीन में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 05.41 बजे से
वृष 07.21 बजे से
मिथुन 09.19 बजे से
कर्क 11.32 बजे से
सिंह 13.49 बजे से
कन्या 16.00 बजे से
तुला 18.11 बजे से
वृश्चिक 20.26 बजे से
धनु 22.42 बजे से
मकर 00.47 बजे से
कुंभ02.34 बजे से
मीन 04.06 बजे से
बुधवार 2026 वर्ष का 105वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु ग्रीष्म।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) पक्ष कृष्ण तिथि त्रयोदशी 22.32 बजे को समाप्त। नक्षत्र पूर्वाभाद्रपदा 15.23 बजे को समाप्त। योग ब्रह्म 13.25 बजे को समाप्त। करण गर 11.27 बजे तदनन्तर वणिज 22.32 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 090 42
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872680
जूलियन दिन 2461145.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447

महीना सव्वाल तारीख 26

विशेष प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि, विषु कानी, कुब्जिका जयंती।




# प्रधानमंत्री मोदी को बार-बार उत्तराखंड खींच लाती है आस्था और विश्वास की डोर

**देहरादून,** (हि.स.)। उत्तराखंड में विकास और आस्था का संगम एक बार फिर उस समय देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवभूमि के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उनके संबोधन में जहां एक ओर आधुनिक विकास योजनाओं का खाका नजर आया, वहीं दूसरी ओर राज्य की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक महत्व को वैश्विक पहचान दिलाने का संकल्प भी स्पष्ट दिखा। देहरादून-दिल्ली आर्थिक गलियारा उत्तराखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जो राज्य में कनेक्टिविटी और निवेश के नए अवसर पैदा करेगा।

**आस्था से जुड़ा भावनात्मक रिश्ता:** प्रधानमंत्री ने शहीद जसवंत सिंह मैदान से अपने संबोधन की शुरुआत गढ़वाली और कुमाऊंनी भाषा में अभिवादन से की, जिससे स्थानीय लोगों के साथ उनका जुड़ाव साफ झलकता है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर, बदरीनाथ मंदिर, गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम को नमन करते हुए देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

**पर्यटन में अभूतपूर्व वृद्धि**
प्रधानमंत्री ने शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख किया, जिसका सकारात्मक असर अब दिखने लगा है। वर्ष 2024 में जहां लगभग 80 हजार श्रद्धालु शीतकालीन यात्रा में शामिल हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर चार लाख से अधिक हो गई। आदि कैलाश यात्रा को भी नई पहचान मिली है, जहां 2025 में करीब 40 हजार श्रद्धालु पहुंचे।

**इंफ्रास्ट्रक्चर से बदलेगी तस्वीर**
राज्य में करीब दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रगति पर हैं। ऑल वेदर रोड, केदारनाथ, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब तक रोप-वे जैसी योजनाएं यात्रा को आसान बनाएंगी। इससे पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

उपशीर्षक 4: परंपरा, संस्कृति और विरासत का सम्मान
प्रधानमंत्री ने नंदा राज जात यात्रा का उल्लेख करते हुए इसे महिलाओं की शक्ति और आस्था का प्रतीक बताया। साथ ही हरिद्वार कुंभ मेला को भव्य और दिव्य बनाने का संकल्प दोहराया।
प्रधानमंत्री का यह दौरा यह दर्शाता है कि उत्तराखंड में विकास और आध्यात्मिकता साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। देवभूमि अब न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि तेजी से विकसित होते राज्य के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत कर रही है।

# नोएडा में मजदूरों का हिंसक प्रदर्शन, एक सुनियोजित साजिश : पुलिस आयुक्त

01: 396 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया
02 : हिंसा में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान जारी
03 : व्हाट्सऐप चैट में हमले के लिए उकसावे के सबूत मिले
04 :मिर्च पाउडर लाने की अपील से हिंसा की तैयारी का संकेत

**नोएडा,** (हि.स.)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में सोमवार को हुए श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को कहा कि यह प्रदर्शन स्वतःस्फूर्त नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। पुलिस अब पूरे घटनाक्रम की गहराई से जांच कर रही है।



**डिजिटल नेटवर्क के जरिए जुटाए गए श्रमिक:** पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रदर्शन को संगठित करने के लिए कई व्हाट्सऐप ग्रुप बनाए गए थे। इन समूहों में क्यूआर कोड स्कैन कर श्रमिकों को जोड़ा गया। इससे संकेत मिलता है कि आंदोलन के पीछे एक संगठित नेटवर्क सक्रिय था, जिसने तकनीक का इस्तेमाल कर बड़ी संख्या में लोगों को एकजुट किया।

**विदेशी फंडिंग की भी होगी जांच:** पुलिस आयुक्त ने इस पूरे मामले में विदेशी फंडिंग की संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यदि यह पाया जाता है कि आंदोलन को राज्य या देश के बाहर से आर्थिक सहायता मिली है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**हिंसा में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई:**
पुलिस ने अब तक 7 एफआईआर दर्ज कर 396 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। आयुक्त ने बताया कि हिंसा में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है और आगे भी गिरफ्तारी की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**व्हाट्सऐप चैट में उकसावे के सबूत:**
जांच के दौरान कुछ व्हाट्सऐप चैट भी सामने आए हैं, जिनमें लोगों को घर से लाल मिर्च पाउडर लाने और पुलिस पर हमला करने के लिए उकसाया गया। संदेशों में लिखा था कि "लाठी से कुछ नहीं होगा, मिर्च पाउडर लेकर चलो।" इससे हिंसा की पूर्व नियोजित तैयारी का संकेत मिलता है।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैली में अफरा-तफरी



**मालदा,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चांचल के कलम बागान में आयोजित इस सभा में 12 विधानसभा सीटों के कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही सभास्थल खचाखच भर गया और भीड़ लगातार बढ़ती रही। स्थिति तब बिगड़ी जब महिलाओं के लिए आरक्षित क्षेत्र में पुरुषों की भीड़ घुस आई, जिससे महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ गई। दबाव के कारण कई महिलाओं को बाहर निकलना पड़ा। भीड़ नियंत्रण में पुलिस और स्वयंसेवकों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर ज़ोजिला सुरंग का निर्माण कार्य पूरा होने के करीब




**नई दिल्ली, (हि.स.)।**
।श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर बन रही रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ज़ोजिला सुरंग परियोजना अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। अधिकारियों के अनुसार, लगभग 13.15 किलोमीटर लंबी इस सुरंग की खुदाई का कार्य मई के अंत या जून 2026 के पहले सप्ताह तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद कश्मीर और लद्दाख के बीच पूरे साल निर्बाध संपर्क स्थापित हो सकेगा।परियोजना से जुड़े मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड के संयुक्त मुख्य परिचालन अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया कि कुल 13,155 मीटर लंबाई में से अब केवल करीब 300 मीटर की खुदाई शेष है। उन्होंने कहा कि जब बाल्टल और द्रास के मीनामर्ग से काम कर रही टीमें सुरंग के भीतर मिलेंगी, तो यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इस उपलब्धि के बाद निर्माण कार्य और तेजी से आगे बढ़ेगा।
दुनिया के सबसे कठिन भूभागों में बन रही यह सुरंग भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्विदिशात्मक सुरंग बनने जा रही है। इसके पूरा होने पर सोनमर्ग और द्रास के बीच यात्रा समय लगभग तीन घंटे से घटकर मात्र 15 मिनट रह जाएगा, जिससे आवागमन बेहद आसान हो जाएगा।
ज़ोजिला सुरंग का रणनीतिक और आर्थिक महत्व काफी अधिक है। यह लद्दाख को सालभर कश्मीर से जोड़े रखेगी, जो फिलहाल भारी बर्फबारी के कारण कई महीनों तक देश से कटा रहता है। बेहतर संपर्क से पर्यटन, व्यापार और रक्षा आपूर्ति को भी मजबूती मिलेगी। वर्तमान में ज़ोजिला दर्रा सर्दियों में भारी हिमपात और भूस्खलन के कारण अक्सर बंद रहता है, जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र में महिलाओं का बढ़ेगा योगदान : रक्षा खडसे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसके समर्थन में माहौल बनाने की अपील की है। पार्टी ने जानकारी दी कि इस अधिनियम को आगे बढ़ाने के लिए 16 अप्रैल से लोकसभा और राज्यसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है।



**महिला सशक्तिकरण की योजनाएं:** खडसे ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी संख्या में घर महिलाओं के नाम किए गए हैं, जबकि मुद्रा योजना और 'लखपति दीदी' जैसी पहलें महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रही हैं।

**विपक्ष पर भाजपा का हमला**
भाजपा प्रवक्ता शाजिया इलमी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो दल महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, वही इस कानून को टालने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह तैयार है और यह कानून 2029 के चुनाव से लागू किया जाएगा, जिससे देश की महिलाओं को व्यापक राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलेगा।

**महिलाओं को मिलेगा 33% आरक्षण:** केंद्रीय राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि इस कानून के लागू होने से संसद और विधानमंडलों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इससे निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र और अधिक समावेशी बनेगा।

# द्रमुक के शासन में सांस्कृतिक राजधानी 'अपराध की राजधानी' में तब्दील हो रही :जेपी नड्डा



**चेन्नई,** (हि.स.)।केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम पर तीखा हमला बोलते हुए उसे परिवारवादी पार्टी करार दिया।
उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा शासन में चेन्नई की पहचान सांस्कृतिक राजधानी से बदलकर 'अपराध की राजधानी' में हो रही है, जो चिंताजनक है।
तमिल नववर्ष 'पुथांडु' और डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 'कमल के वादे 2026' दृष्टिपत्र जारी करने के बाद नड्डा ने कहा कि तमिलनाडु विश्व की प्राचीन सभ्यताओं का केंद्र रहा है, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।
उन्होंने द्रमुक नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी एक परिवार के इर्द-गिर्द संचालित हो रही है, जहां एम.के. स्टालिन शीर्ष पर हैं, उदयनिधि स्टालिन उत्तराधिकारी की भूमिका में हैं और कनिमोझी सहयोगी के रूप में काम कर रही हैं।
नड्डा ने आरोप लगाया कि द्रमुक सरकार ने महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के विश्वास को ठेस पहुंचाई है।
कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पुथांडु की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के लोगों के सुख, समृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।
साथ ही उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और विधि के क्षेत्र में उनके योगदान से देश को निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी।

# चुनाव 26 : बंगाल में दो हजार 926 उम्मीदवार मैदान में, नामांकन प्रक्रिया पूरी

**कोलकाता,** (हि.स.)। भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर अहम जानकारी जारी करते हुए बताया कि राज्य में कुल दो हजार 926 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यह आंकड़ा नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद सामने आया है।
आयोग के अनुसार, 15 मार्च 2026 को असम, केरल,




पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनाव तथा छह राज्यों में उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया था। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल 2026 तय की गई थी, जबकि 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच हुई। उम्मीदवारों को नाम वापस लेने के लिए 13 अप्रैल 2026 को अपराह्न तीन बजे तक का समय दिया गया था। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी आंकड़ों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर एक हजार 478 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए एक हजार 448 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह दोनों चरणों को मिलाकर कुल दो हजार 926 उम्मीदवार चुनावी दौड़ में शामिल हैं।
आयोग ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत सभी उम्मीदवारों की अंतिम सूची सरकारी राजपत्र में प्रकाशित करेंगे। साथ ही प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन, जांच और नाम वापसी से जुड़े सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से सीलबंद रखा जाएगा।
मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने नागरिकों से ईसीआईनेट अनुप्रयोग के "अपने उम्मीदवार को जानें" खंड का उपयोग करने की अपील की है। इसके जरिए मतदाता उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां देख सकते हैं और उनके शपथ पत्र भी डाउनलोड कर सकते हैं।इसके अलावा, आयोग ने स्पष्ट किया कि ईवीएम पर बैलेट यूनिट में उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीर, क्रम संख्या, नाम और चुनाव चिह्न बड़े अक्षरों में प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।



## नेपाल सरकार ने शासन सुधार के रोडमैप के साथ सार्वजनिक किया 'राष्ट्रीय प्रतिबद्धता दस्तावेज'

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार ने शासन सुधार के रोडमैप के साथ 22 पृष्ठों का 'राष्ट्रीय प्रतिबद्धता दस्तावेज' सार्वजनिक किया है।

प्रधानमंत्री के राजनीतिक सलाहकार असीम शाह ने बताया कि नेपाल में बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार बनने के तुरंत बाद २८ मार्च को जारी 100 बिंदुओं वाली कार्यसूची के विषय को लागू करते हुए

यह साझा प्रतिबद्धता जताई गई है। उन्होंने बताया कि इसमें शामिल विषय किसी एक दल तक सीमित न होकर ५ मार्च को हुए चुनाव में सहभागी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सभी 6 राजनीतिक दलों का साझा दस्तावेज है। असीम शाह ने कहा कि चुनाव के दौरान इन 6 दलों के घोषणापत्र, वचनपत्र और प्रतिबद्धताओं को एकीकृत कर सरकार ने इसे साझा स्वामित्व के रूप में अपनाया है।

सरकार ने घोषणा की है कि इस राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को केवल दस्तावेज़ तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे आगामी आर्थिक वर्ष २०२६-२७ और उसके बाद के वर्षों की वार्षिक नीतियों, कार्यक्रमों, बजट और सुधार एजेंडा से सीधे जोड़ा जाएगा। विभिन्न मंत्रालय और संबंधित निकाय अपने-अपने वार्षिक कार्यक्रम और बजट में इसे शामिल कर इसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेंगे। प्रतिबद्धता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अंतर-निकाय समन्वय और निगरानी की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद कार्यालय के विकास प्रबंधन क्षेत्र देखने वाले सचिव को सौंपी गई है।

## पाकिस्तान से पहली हज उड़ान 18 अप्रैल को रवाना होगी



**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी (पीएए) के प्रवक्ता ने मंगलवार को घोषणा की कि अल्लामा इकबाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट लाहौर से सऊदी अरब के लिए पहली हज उड़ान 18 अप्रैल को रवाना होगी। लाहौर एयरपोर्ट से प्री हज उड़ानों का शेड्यूल भी तैयार कर लिया गया है। इस शेड्यूल में चार एयरलाइंस की कुल 101 उड़ानें शामिल हैं।दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि लाहौर से होने वाले प्री हज ऑपरेशन में पीएए की 33 उड़ानें संचालित की जाएंगी, जबकि सऊदी एयरलाइंस 29, एयर ब्लू 24 और एयर सियाल 15 उड़ानें संचालित करेंगी।

प्रवक्ता के अनुसार, सऊदी एयरलाइंस की उड़ान एसवी-5735 18 अप्रैल को लाहौर से मदीना के लिए रवाना होगी। शेड्यूल के मुताबिक, लाहौर एयरपोर्ट से आखिरी प्री हज उड़ान 21 मई, 2026 को संचालित होगी।


## डेमोक्रेट सांसद एरिक स्वॉलवेल पर यौन उत्पीड़न का आरोप, देंगे इस्तीफा



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। एरिक स्वॉलवेल ने यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोपों के बीच कांग्रेस से इस्तीफा देने की घोषणा की है। कैलिफोर्निया के 14वें निर्वाचन क्षेत्र से प्रतिनिधि सभा के सदस्य स्वॉलवेल ने कहा कि उनके खिलाफ निष्कासन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन आरोप लगते ही त्वरित कार्रवाई को उन्होंने अनुचित बताया। इसके बावजूद उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए पद छोड़ने का निर्णय लिया।सीबीएस न्यूज के अनुसार, चार महिलाओं ने उन पर बलात्कार, अश्लील संदेश भेजने और अनुचित व्यवहार के आरोप लगाए हैं। इन आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद स्वॉलवेल ने कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए अपना चुनाव अभियान भी समाप्त कर दिया।

सैन फ्रांसिस्को क्रॉनिकल में प्रकाशित रिपोर्ट में एक महिला ने आरोप लगाया कि 2019 और 2024 के दौरान वह नशे की हालत में थी और सहमति देने की स्थिति में नहीं थी, इसके बावजूद स्वॉलवेल ने उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद तीन अन्य महिलाओं ने भी इसी तरह के आरोप लगाए। द्विदलीय हाउस एथिक्स कमेटी ने मामले की जांच शुरू की थी, जबकि रूबेन गैलेगो समेत कई नेताओं ने उनसे दूरी बना ली है। मामले की आपराधिक जांच भी जारी है।

## ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिका की सख्त नाकेबंदी, मध्य पूर्व में बढ़ा तनाव



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नौसैनिक नाकेबंदी शुरू कर दी है। सीएनएन के अनुसार, विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन समेत 15 युद्धपोत तैनात हैं। इनमें यूएसएस बैनब्रिज, यूएसएस थॉमस हडनर, यूएसएस फ्रैंक ई. पीटरसन जूनियर, यूएसएस डेलबर्ट डी. ब्लैक, यूएसएस जॉन फिन, यूएसएस माइकल मर्फी, यूएसएस मिट्शर, यूएसएस पिंकनी, यूएसएस राफेल पेराल्टा, यूएसएस स्प्रुएन्स और यूएसएस मिलियस शामिल हैं।

इसके अलावा यूएसएस त्रिपोली के नेतृत्व में एम्फीबियस समूह भी सक्रिय है। यह कदम इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद उठाया गया। ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित नहीं करने दिया जाएगा और समझौता न होने पर हालात और बिगड़ सकते हैं।

## दोनों देशों के बीच एजेंडा तय होने के बाद ही होगा नेपाल पीएम का भारत दौरा : खनाल

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने स्पष्ट किया है कि नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के प्रस्तावित भारत दौरे की तिथियां तभी तय होंगी, जब दोनों देशों के बीच यात्रा का एजेंडा पूरी तरह से निश्चित हो जाएगा। इस बयान से यह साफ संकेत मिलता है कि नेपाल सरकार फिलहाल अपने कूटनीतिक प्राथमिकताओं को व्यवस्थित करने में जुटी है।

**भारत की ओर से मिला निमंत्रण, तिथि तय नहीं:** प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में खनाल ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री की ओर से नेपाल को औपचारिक निमंत्रण प्राप्त हो चुका है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी यात्रा की तिथि निर्धारित नहीं की गई है। उनका कहना था कि दोनों देशों के बीच आवश्यक तैयारियां पूरी होने के बाद ही इस दौरे की तारीख तय होगी।

**हिन्द महासागर सम्मेलन के बाद अहम बैठक:** मॉरीशस में आयोजित हिन्द महासागर सम्मेलन में भाग लेकर लौटने के बाद विदेश मंत्री खनाल ने प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सम्मेलन में हुई विभिन्न द्विपक्षीय बैठकों की विस्तृत जानकारी दी।



विशेष रूप से भारत सहित अन्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ हुई बातचीत पर भी चर्चा की गई।

**तकनीकी तंत्र की सक्रियता पर जोर:** विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में एस. जयशंकर के साथ उनकी बातचीत में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि नेपाल में नई सरकार अपनी प्राथमिकताएं तय कर रही है और दोनों देशों के मंत्रालयों के बीच तकनीकी स्तर पर काम जारी है। खनाल के अनुसार, भारत और नेपाल के बीच 40 से अधिक द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं, जिनमें से कुछ फिलहाल निष्क्रिय हैं। इन तंत्रों को सक्रिय करना आवश्यक है, ताकि उच्चस्तरीय राजनीतिक दौरे सार्थक और परिणामकारी साबित हो सकें।

## ढाका में बांग्ला नव वर्ष के मद्देनजर बीजीबी की 20 प्लाटून तैनात, बैशाखी शोभायात्रा में रही शांति

**ढाका,** (हि.स.)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्ला नव वर्ष 'पहेला बैशाख' का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 20 प्लाटून तैनात की गईं। प्रशासन ने यह कदम लोगों की सुरक्षा और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया। कड़ी सुरक्षा के बीच उत्सव बीजीबी के प्रवक्ता के अनुसार, शहर के प्रमुख स्थलों जैसे रमना बटमूल, शाहबाग, काकराइल और बांग्लादेश राष्ट्रीय संग्रहालय के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। इसके अलावा अन्य कानून-व्यवस्था



एजेंसियों के साथ समन्वय कर पूरे शहर में निगरानी बढ़ाई गई, ताकि नागरिक सुरक्षित माहौल में उत्सव मना सकें।

**बैशाखी शोभायात्रा का आयोजन:** ढाका विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय द्वारा "बैशाखी शोभायात्रा 1433" का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुई यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होकर करीब 10 बजे पुनः परिसर में समाप्त हुई। इसमें रंग-बिरंगी झांकियां, स्क्रॉल पेंटिंग्स और पारंपरिक आकृतियां शामिल रहीं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में यूनेस्को ने इस शोभायात्रा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी थी।

**प्रधानमंत्री का संदेश** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने इस अवसर पर देशवासियों और वैश्विक बंगाली समुदाय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहेला बैशाख नई शुरुआत, आशा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार इस दिन से 'किसान कार्ड' कार्यक्रम की शुरुआत कर रही है, जिसका उद्देश्य किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

**संस्कृति और एकता का प्रतीक**

प्रधानमंत्री ने कहा कि बैशाखी मेला, शोभायात्रा और हलखाता जैसे आयोजन बांग्लादेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। यह पर्व सामाजिक एकता और सामूहिक उत्साह को बढ़ावा देता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे इस पारंपरिक उत्सव को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं।

## होर्मुज की नाकाबंदी का असर, ईरान का रुख पड़ा नरम, अमेरिका भी पसीजा, परसों शुरू हो सकती है बातचीत

**वाशिंगटन/इस्लामाबाद,** (हि.स.)। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य समेत ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी का असर अब दिखने लगा है। डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि किसी भी ईरानी जहाज को क्षेत्र में घुसने पर डुबो दिया जाएगा। हालांकि इस सख्ती के बाद ईरान के रुख में नरमी के संकेत मिले हैं और दोनों देशों के बीच फिर से बातचीत की संभावना बनी है।

**यूरेनियम संवर्धन पर मतभेद वार्ता में सबसे बड़ा मुद्दा:** यूरेनियम संवर्धन को लेकर है। अमेरिका ने 20 साल तक प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा था, जबकि ईरान ने इसे घटाकर पांच साल करने की बात कही है। इसी मुद्दे पर सहमति न बनने के कारण पिछली बातचीत अधूरी रह गई थी। अब मध्यस्थ देश इस अंतर को पाटने की कोशिश में जुटे हैं।



**शांति वार्ता विफल, फिर भी संवाद की उम्मीद:**

इस्लामाबाद में हुई पिछली वार्ता विफल रही थी, लेकिन अब कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने बातचीत में रुचि दिखाई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि "गेंद अब ईरान के पाले में है।" संभावना है कि गुरुवार को दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल फिर आमने-सामने बैठ सकते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय दबाव और मध्यस्थता:** ब्रिटेन और रूस समेत कई देश इस संकट को सुलझाने में सक्रिय हैं। रूस ने ईरान के एनरिच्ड यूरेनियम को अपने पास रखने का प्रस्ताव दिया है। वहीं ब्रिटेन ने संघर्ष विराम बनाए रखने पर जोर दिया है। व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव को अभी भी विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

क्षेत्रीय तनाव और आगे की राह

ईरान-इजराइल टकराव और हिजबुल्लाह की सक्रियता से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ऐसे में 21 अप्रैल को समाप्त हो रहे संघर्ष विराम से पहले समझौता होना बेहद जरूरी माना जा रहा है। यदि बातचीत सफल रहती है, तो यह पश्चिम एशिया में स्थिरता की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है।

## अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी पर भड़का ईरान, UN में की शिकायत

**तेहरान** (हि.स.)।: ईरान ने अपने बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है और इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने अमेरिका द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर लागू की गई नौसैनिक नाकेबंदी की तीखी आलोचना की है। उन्होंने इस




कदम को ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का गंभीर उल्लंघन करार दिया। इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है और इसे आक्रामकता का अवैध कृत्य माना जाना चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि 12 अप्रैल को यूएस सेंट्रल कमांड द्वारा इस नाकेबंदी की सार्वजनिक घोषणा की गई थी। पत्र में यह भी कहा गया कि अमेरिका की यह कार्रवाई UN चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन है, जो किसी भी देश के खिलाफ बल प्रयोग या उसकी धमकी को प्रतिबंधित करता है। इरावानी ने इसे समुद्री अंतर्राष्ट्रीय कानून और वैध व्यापारिक गतिविधियों के खिलाफ बताया। ईरान ने स्पष्ट किया कि वह अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का अधिकार रखता है। साथ ही चेतावनी दी कि इस कदम के परिणामों के लिए अमेरिका पूरी तरह जिम्मेदार होगा। ईरानी दूत ने सुरक्षा परिषद से तत्काल हस्तक्षेप करने और नाकेबंदी की निंदा करते हुए क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## अमेरिका और इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके, दहशत का माहौल

संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार नेवादा के सिल्वर स्प्रिंग्स के पास 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसकी गहराई 9 किमी थी। इसके झटके कैलिफ़ोर्निया और सैन जोस तक महसूस किए गए। कैलिफ़ोर्निया में भी 4.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज हुआ। भूकंप के बाद लोग घरों से बाहर निकल




आए, हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। वहीं इंडोनेशिया में 7.4 तीव्रता के समुद्री भूकंप से भारी दहशत फैल गई। उत्तरी सुलावेसी और टर्नेट में झटके 20 सेकंड तक महसूस हुए। एक इमारत गिरने से 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए। कुछ क्षेत्रों में हल्का से गंभीर नुकसान भी दर्ज किया गया।

# आईपीएल 2026 : चेन्नई ने कोलकाता को 32 रन से हराया, गेंदबाजों के दम पर जीता मैच

**चेन्नई,** (हि.स.)। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर दमदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को 32 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ चेन्नई ने लगातार दूसरी घरेलू जीत दर्ज की, जबकि केकेआर को इस सीजन में चौथी हार झेलनी पड़ी।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। टीम की ओर से संजू सैमसन ने 48 रन की अहम पारी खेली। वहीं आयुष म्हात्रे ने 17 गेंदों में 38 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने भी 41 रन का योगदान दिया। हालांकि, डेथ ओवरों में चेन्नई की रन गति थोड़ी धीमी पड़ गई।192 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही। फिन एलन जल्दी आउट हो गए, जबकि सुनील नरेन 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने पारी संभालने की कोशिश







की, लेकिन 10वें ओवर के बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया।चेन्नई के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर पकड़ बनाए रखी। नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके और रहाणे, कैमरन ग्रीन व रिंकू सिंह को आउट किया। वहीं अंशुल कंबोज ने दो विकेट लिए, जबकि खलील अहमद और अकील हुसैन ने एक-एक विकेट हासिल किया।केकेआर एक समय 90 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद रोवमन पॉवेल और रमनदीप सिंह ने 63 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।अंत में कोलकाता की टीम 20 ओवर में 160/7 ही बना सकी और मैच 32 रन से हार गई। इस हार के साथ केकेआर की स्थिति अंक तालिका में और खराब हो गई है, जबकि सीएसके ने दमदार वापसी के संकेत दिए हैं।

# संजू सैमसन और अमेलिया केर बने मार्च के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर को मार्च महीने के लिए आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। दोनों खिलाड़ियों को यह सम्मान उनके शानदार और निरंतर प्रदर्शन के लिए दिया गया।

**कडी प्रतिस्पर्धा में जीता अवॉर्ड** सैमसन ने इस रेस में अपने ही साथी जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइज़न को पीछे छोड़ा। वहीं महिला वर्ग में केर ने बेथ मूनी और अयाबोंगा खाका को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया।

**विश्व कप में सैमसन का दमदार प्रदर्शन:** टी-20 विश्व कप में सैमसन का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन, सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी 89 रनों की अहम पारी खेली। उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने खिताब जीता और इतिहास रचते हुए घरेलू जमीन पर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की।

**सैमसन के लिए खास रहा यह सम्मान:** अवार्ड जीतने के बाद सैमसन ने इसे अपने करियर का यादगार पल बताया। उन्होंने कहा कि देश के लिए विश्व कप जीतना और उसमें योगदान देना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है।

**अमेलिया केर का ऑलराउंड जलवा:** अमेलिया केर ने मार्च में बल्ले और गेंद दोनों से कमाल किया। उन्होंने वनडे में 176 रन बनाने के साथ 18 विकेट झटके, जबकि टी-20 में 276 रन और 6 विकेट हासिल किए। जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीत में उनका अहम योगदान रहा।

**फैंस और विशेषज्ञों के वोट से हुआ चयन:** दोनों खिलाड़ियों का चयन आईसीसी की आधिकारिक प्रक्रिया के तहत किया गया, जिसमें वैश्विक प्रशंसकों के वोट के साथ-साथ पूर्व खिलाड़ियों और मीडिया विशेषज्ञों की राय को शामिल किया गया। यह सम्मान उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।

## आईपीएल में साकिब हुसैन के शानदार प्रदर्शन पर बोले बीसीए अध्यक्ष हर्षवर्धन, बिहार में बड़े मंच पर खेलने की क्षमता

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बिहार के युवा तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने अपने डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

**बीसीए ने जताया गर्व:** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने साकिब के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह बिहार क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। वहीं सचिव जियाउल अरफीन ने कहा कि साकिब की मेहनत और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह राज्य में बढ़ती क्रिकेट प्रतिभा को दर्शाता है।



**प्रमुख बल्लेबाजों को किया आउट:** साकिब ने यशस्वी जायसवाल, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई जैसे प्रमुख बल्लेबाजों को आउट कर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया। गोपालगंज के मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले साकिब का संघर्षपूर्ण सफर अब युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गया है।

# पीएसएल ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर लगाया 2 साल का प्रतिबंध



**लाहौर,** (हि.स.)।पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई पीएसएल छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के फैसले के कारण की गई है। 29 वर्षीय मुजरबानी पहले आईपीएल और पीएसएल दोनों की नीलामी में नहीं बिके थे। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद यूनाइटेड ने रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने यह कॉन्ट्रैक्ट छोड़ दिया, जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने का ऑफर दिया। कोलकाता ने उन्हें उस समय साइन किया, जब टीम को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के साथ अपना करार खत्म करना पड़ा।

मुजरबानी आईपीएल 2026 में अब तक दो मैच खेल चुके हैं और अपने दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

इससे पहले भी इसी तरह के मामले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश पर एक साल का बैन लगाया गया था।

**अन्य खिलाड़ियों पर भी गिर सकती है गाज:** इस सीजन में स्पेंसर जॉनसन और दासुन शनाका ने भी पीएसएल छोड़कर आईपीएल खेलने का फैसला किया है। हालांकि, अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इन पर भी कार्रवाई की संभावना है।

**पीएसएल का सख्त बयान:** लीग ने कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में पारदर्शिता और अनुशासन बेहद जरूरी है। किसी मौजूदा अनुबंध के रहते दूसरी लीग से जुड़ना नियमों का उल्लंघन है और इससे सिस्टम पर भरोसा कमजोर होता है। पीएसएल ने साफ किया कि दो साल का बैन इस उल्लंघन की गंभीरता को दर्शाता है।

# ओल्ड ट्रैफर्ड में 45 साल बाद लीड्स यूनाइटेड की ऐतिहासिक जीत, मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया



**अंक तालिका की स्थिति:** इस हार के बावजूद मैनचेस्टर यूनाइटेड 55 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि लीड्स यूनाइटेड 36 अंकों के साथ 15वें स्थान पर पहुंच गया है और रेलिगेशन जोन से दूरी बना ली है।

**मैनचेस्टर,** (हि.स.)।इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोमवार रात बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां लीड्स यूनाइटेड ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाइटेड को उनके घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड पर 2-1 से हराकर इतिहास रच दिया। 45 साल में यह पहली बार है जब लीड्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में जीत दर्ज की। मैच के हीरो नोआ ओकाफोर रहे, जिन्होंने दो शानदार गोल दागकर टीम को यादगार जीत दिलाई।लीड्स ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और यूनाइटेड को दबाव में रखा।

**पहले हाफ में ओकाफोर का दबदबा:** मैच की शुरुआत में ही डॉमिनिक कैल्वर्ट-लेविन को मौका मिला, लेकिन गोलकीपर सेने लैमेंस ने शानदार बचाव किया। इसके बाद ओकाफोर ने क्रॉस पर गोल कर लीड्स को बढ़त दिलाई। 29वें मिनट में ओकाफोर ने दूसरा गोल किया, जब बॉक्स के बाहर से लिया गया उनका शॉट लेनी योरो से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चला गया।

**लिसांद्रो मार्टिनेज को रेड कार्ड** दूसरे हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड को बड़ा झटका लगा, जब लिसांद्रो मार्टिनेज को 56वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया। उन्होंने डॉमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के बाल खींचे, जिसके बाद वीएआर रिव्यू में फैसला उनके खिलाफ गया।

**कैसेमिरो ने दिलाई उम्मीद, लेकिन हार नहीं टली:** 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही यूनाइटेड के लिए कैसेमिरो ने 69वें मिनट में ब्रूनो फर्नांडिस के क्रॉस पर गोल कर टीम को वापसी की उम्मीद दी। इसके बाद यूनाइटेड ने बराबरी के लिए पूरी कोशिश की, लेकिन मैनुएल उगार्ते का प्रयास भी ब्लॉक हो गया और लीड्स की डिफेंस ने जीत सुरक्षित रखी।

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले घाना ने कार्लोस क़्वीरोज़ को बनाया मुख्य कोच

**अकरा (घाना),** (हि.स.)। घाना फुटबॉल एसोसिएशन ने कार्लोस क़्वीरोज़ को राष्ट्रीय टीम 'ब्लैक स्टार्स' का नया मुख्य कोच नियुक्त कर फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले बड़ा दांव खेला है। 73 वर्षीय क़्वीरोज़ लगातार पांचवें वर्ल्ड कप में कोच के रूप में हिस्सा लेने जा रहे हैं, जो उनके अनुभव और निरंतरता को दर्शाता है। क़्वीरोज़ ने हाल ही में ओमान की टीम के कोच पद से इस्तीफा दिया था, जब टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी। इससे पहले घाना ने मार्च में ओटो अडो



से खराब प्रदर्शन के बाद अलग होने का फैसला किया था, जिसके चलते टीम 72 दिन तक बिना कोच के रही। क़्वीरोज़ का कोचिंग करियर बेहद समृद्ध रहा है। उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2010 में पुर्तगाल को प्री-क्वार्टरफाइनल तक पहुंचाया था, जबकि ईरान के साथ तीन वर्ल्ड कप में टीम का नेतृत्व किया। इसके अलावा उन्होंने मिस्र, जापान, कोलंबिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों को भी कोचिंग दी है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में घाना को ग्रुप एल में रखा गया है, जहां उसका सामना क्रोएशिया, इंग्लैंड और पनामा जैसी मजबूत टीमों से होगा। ऐसे में क़्वीरोज़ के अनुभव से टीम के प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# सपना था सेना में भर्ती होने का, अब IPL में मचाई सनसनी

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में बिहार के युवा तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने अपने डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट झटके।



गोपालगंज निवासी साकिब का सपना पहले सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना था, लेकिन हालात ने उन्हें क्रिकेट की ओर मोड़ दिया। आर्थिक तंगी इतनी थी कि उनके पास स्पाइक्स वाले जूते खरीदने तक के पैसे नहीं थे। ऐसे में उनकी मां ने अपने जेवर बेचकर उनके लिए जूते खरीदे।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 2024 में खरीदा था, लेकिन मौका नहीं मिला। अब साकिब ने अपने प्रदर्शन से दिखा दिया कि मेहनत और संघर्ष से हर सपना पूरा हो सकता है।